भाद्रपद शुक्ल - 8 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 61 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- ▪ बेंगलूरु » शनिवार » 23-09-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 अरुणाचल भारत का अटूट अंग : रीजीजू

6 भारत और कनाडा के राजनयिक संबंधों में गहरी दरार

7 कंगना रनौत ने की खालिस्तान की आलोचना



## फर्स्ट टेक

### तेलंगाना को तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात

**हैदराबाद/वार्ता।** तेलंगाना से तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस काचीगुडा (हैदराबाद) और यशवंतपुर (बेंगलूरु) के बीच 24 सितंबर से शुरू होगी। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री एवं तेलंगाना प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली से वंदे भारत एक्सप्रेस का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। उद्घाटन समारोह दोपहर 12.30 बजे काचीगुडा में होगा।

सनातन धर्म को मिटाने संबंधी बयान के लिए

## उदयनिधि स्टालिन को उच्चतम न्यायालय का नोटिस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने सनातन धर्म को मिटाने संबंधी टिप्पणी के लिए तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करने वाली याचिका पर स्टालिन और राज्य सरकार से शुक्रवार को जवाब मांगा। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने बी. जगन्नाथ नामक व्यक्ति की याचिका पर नोटिस जारी किए, जिसमें स्टालिन के खिलाफ इस आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई कि टिप्पणियां नफरती भाषण के समान हैं और शीर्ष अदालत ने इस तरह के मामलों में प्राथमिकी दर्ज करने समेत कई निर्देश पारित किए थे।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील दामा शेषाद्री नायडू ने कहा कि मंत्री ने कथित तौर पर स्कूली छात्रों से कहा कि यह धर्म अच्छा नहीं है और दूसरा धर्म अच्छा है। नायडू ने कहा, इस अदालत ने ऐसे मामलों पर ध्यान दिया है, जिनमें किसी व्यक्ति ने दूसरे धर्म के खिलाफ ऐसा बयान दिया था, लेकिन इस मामले में बयान एक मंत्री ने दिया है। यहां एक राज्य की बात है, जो स्कूली छात्रों को बता रहा है कि अमुक धर्म गलत है।

पीठ ने नायडू से पूछा कि वह अदालत से क्या चाह रहे हैं, जिस पर उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि अदालत मंत्री (स्टालिन) को ऐसा कोई भी बयान देने से रोके और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए।

## मजबूत एवं स्थिर सरकार की वजह से ही पारित हो सका महिला आरक्षण विधेयक : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाला 128वां संविधान संशोधन विधेयक संसद से इसलिए पारित हो सका क्योंकि आज केंद्र में एक स्थिर और निर्णायक सरकार है जिसके पास भारी बहुमत है।

संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने पर उन्हें सम्मानित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला मोर्चा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि यह विधेयक कोई सामान्य कानून नहीं है बल्कि नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है। उन्होंने कहा, नारी शक्ति वंदन विधेयक का दोनों सदनों से पारित होना इस बात का साक्षी है कि जब पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार होती है तो देश कैसे बड़े फैसले लेता है और बड़े पड़ावों को पार करता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने किसी के राजनीतिक स्वार्थ को महिला आरक्षण के सामने दीवार नहीं बनने दिया। उन्होंने कहा, इससे पहले जब भी यह विधेयक संसद में आया, अक्सर बवाल हुआ, हंगामा हुआ लेकिन अब आज जब देश में पूर्ण बहुमत की स्थिर सरकार है तो महिला आरक्षण विधेयक एक सच्चाई बन गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण की बात करीब तीन दशक से की जा रही थी लेकिन पहले के प्रयासों में प्रतिबद्धता की कमी थी।

मोदी ने कहा, हम प्रतिबद्ध थे और हमने इसे पूरा करके दिखाया है।

महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन प्रयासों के चलते ही महिलाएं पिछले करीब एक दशक में एक शक्ति के रूप में उभरी हैं।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### भीड़ की पीड़

कर रहे भीड़ पर जो स्यापा,
वे भीड़ जुटाऊ नेता हैं।
निज नीड़ भीड़ से बना रहे,
भड़काऊ भीड़ प्रचेता हैं।
ये भीड़ बनी नैया जिनकी,
वे उनके घोषित खैता हैं।
बिन भीड़ जुटा लड़ लें चुनाव,
यदि सचमुच कुशल प्रणेता हैं।।

आंध्र प्रदेश कौशल विकास निगम घोटाला:

## न्यायालय ने नायडू को दो दिन की सीआईडी हिरासत में भेजा



**विजयवाड़ा/भाषा।** आंध्र प्रदेश की एक अदालत ने शुक्रवार को तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास निगम घोटाला मामले में और पूछताछ के लिए दो दिन के लिए सीआईडी की हिरासत में भेज दिया। अपराध जांच विभाग (सीआईडी) का प्रतिनिधित्व कर रहे विशेष लोक अभियोजक वाई. एन. विवेकानंद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत ने नायडू को दो दिन, 23 और 24 सितंबर, के लिए पूछताछ के वास्ते पुलिस की हिरासत में भेज दिया।

## इसरो ने चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर को सक्रिय करने के किए प्रयास, अभी तक कोई सिग्नल नहीं मिला



बेंगलूरु/भाषा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपने चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान के साथ सम्पर्क करने के प्रयास किए हैं, ताकि उनके सक्रिय होने की स्थिति का पता लगाया जा सके लेकिन अभी तक उनसे कोई सिग्नल नहीं मिला है। लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान को इस महीने की शुरुआत में 'स्लीप मोड' में डाल दिया था।

इसरो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर कहा कि लैंडर और रोवर से संपर्क करने का प्रयास जारी रहेगा।

चंद्रमा पर सूर्योदय होने के साथ ही इसरो ने लैंडर और रोवर के साथ संचार फिर से स्थापित करके, उन्हें फिर से सक्रिय करने का प्रयास किया है ताकि वे वैज्ञानिक प्रयोग जारी रख सकें।

पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह चंद्रमा पर रात्रि की शुरुआत होने से पहले, लैंडर और रोवर दोनों को इस महीने की शुरुआत में क्रमशः 4 और 2 सितंबर को सुप्तावस्था या निष्क्रय अवस्था (स्लीप मोड) में डाल दिया गया था। हालांकि, उनके रिसीवर चालू रखे गए थे।

## मोटो जीपी अभ्यास के दौरान लाइव प्रसारण में भारत के नक्शे से गायब दिखा जम्मू कश्मीर और लद्दाख

नोएडा/भाषा। भारत में आयोजित हो रही सबसे बड़ी मोटरसाइकिल रेस स्पर्धा मोटोजीपी के शुक्रवार को शुरुआती अभ्यास सत्र के दौरान लाइव स्ट्रीम में भारत का विवादित नक्शा प्रसारित किया गया जिससे बड़ा विवाद खड़ा हो गया क्योंकि इसमें जम्मू कश्मीर और लद्दाख को नहीं दिखाया गया था। सोशल मीडिया यूजर्स द्वारा इस मामले को उजागर किए जाने के कुछ ही घंटों के अंदर मोटोजीपी ने एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर अपने आधिकारिक अकाउंट पर गलती के लिए माफी मांग ली। मोटोजीपी ने कहा, मोटोजीपी प्रसारण के पहले भाग में दिखाए गए नक्शे के लिए हम भारत में अपने प्रशंसकों से माफी मांगना चाहते हैं। अपने मेजबान देश के लिए समर्थन और सराहना के अलावा कोई भी बयान देना हमारा इरादा नहीं है।





# कोविड-19 फैलने के बाद से पहली बार दौड़ी डेक्कन ओडिसी ट्रेन

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम (एमटीडीसी) ने लगभग चार वर्ष के अंतराल के बाद लक्जरी ट्रेन डेक्कन ओडिसी का संचालन फिर से शुरू किया है। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने राज्य के पर्यटन मंत्री गिरीश महाजन, प्रमुख सचिव (पर्यटन) राधिका रस्तोगी और एमटीडीसी की प्रबंध निदेशक श्रद्धा जोशी की उपस्थिति में दक्षिण मुंबई में सीएसएमटी और पनवेल के बीच ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। जोशी ने कहा कि ट्रेन सात-रात और आठ दिन की यात्रा के लिए मुंबई से दिल्ली रवाना होगी और वडोदरा, जयपुर, जोधपुर, आगरा, उदयपुर व सवाई माधोपुर में रुकेगी। इस वाणिज्यिक यात्रा के लिए 20 सीट पहले ही बुक हो चुकी हैं। यात्रा के लिए प्रतिव्यक्ति खर्च 6.5 लाख रुपए निर्धारित किया गया है जबकि एक दंपत्ति (दो सीटों) का खर्च 9 लाख रुपए के आसपास होगा। एमटीडीसी ने कहा कि ट्रेन के लिए छह यात्रा कार्यक्रम की योजना बनाई गई है, जिनके नाम 'महाराष्ट्र स्प्लेंडर' 'इंडियन सोजर्न, इंडियन ओडिसी, महाराष्ट्र वाइल्ड ट्रेल, हेरिटेज ओडिसी' और 'कल्चरल ओडिसी' हैं।

# जी20 के आयोजन से जुड़े अनुभवों का दस्तावेजीकरण करें : पीएम ने अफसरों से कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि वे अपने अनुभवों का दस्तावेजीकरण करें जो भविष्य के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए दिशानिर्देश के रूप में काम कर सकते हैं। भारत की अध्यक्षता में यह शिखर सम्मेलन यहां भारत मंडपम में नौ से 10 सितंबर तक आयोजित किया गया था।

अधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उनके योगदान और शिखर सम्मेलन के दौरान चुनौतियों से निपटने की भावना की सराहना की। उन्होंने कहा, जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता का श्रेय आप सभी को जाता है। मेरा अनुरोध है कि आप अपने अनुभवों का दस्तावेजीकरण करें। यह भविष्य के कार्यक्रमों के लिए दिशानिर्देश के रूप में काम करेगा। प्रधानमंत्री ने आयोजकों के अनुभवों का दस्तावेजीकरण करने के लिए एक वेबसाइट आरंभ करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा, हर कोई अपनी भाषा में लिख सकता है। आपने चुनौतियों से कैसे पार पाया। यह 100 पृष्ठों में हो सकता है और इसे आलमारी के बजाय 'क्लाउड' पर संग्रहित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी करीब 3,000 लोगों से बातचीत कर रहे थे, जिन्होंने जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता में योगदान दिया। प्रतिभागियों में वे लोग शामिल थे जिन्होंने शिखर सम्मेलन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर काम किया जैसे सफाईकर्मी, ड्राइवर, वेटर और विभिन्न मंत्रालयों के अन्य कर्मचारी।





# अंबानी परिवार के मन में दहशत पैदा करना चाहता था पूर्व पुलिसकर्मी वाजे : एनआईए अदालत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** एक विशेष अदालत ने 'एंटीलिया' के पास बम बरामदगी और व्यवसायी मनसुख हिरन की हत्या मामले में आरोपी पूर्व पुलिसकर्मी सचिन वाजे को जमानत देने से इनकार करते हुए अपने आदेश में कहा कि वह अंबानी परिवार के मन में दहशत पैदा करना चाहता था। अदालत ने कहा कि अंबानी के आवास 'एंटीलिया' के पास लगाई गई जिलेटिन की छड़ें किसी डेटोनेटर से नहीं जुड़ी थीं, लेकिन यह लोगों के मन में दहशत पैदा करने के लिए पर्याप्त थी।

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के विशेष न्यायाधीश ए एम पाटिल ने 16 सितंबर को वाजे को जमानत देने से इनकार कर दिया। विस्तृत आदेश शुक्रवार को उपलब्ध हो पाया। गवाहों के बयानों का हवाला देते हुए अदालत ने कहा कि मामले में याचिकाकर्ता और सह-आरोपियों ने अंबानी परिवार के मन में दहशत पैदा करने की कोशिश की थी और साजिश रचकर मनसुख हिरन को खत्म कर दिया था। अदालत ने कहा, यह एक सुनियोजित हत्या थी। कानून के शिकंजे से बचने के लिए हर एहतियात बरती गई। भारतीय दंड संहिता की किसी धारा के तहत यह कोई साधारण आरोप नहीं है। ऐसी स्थिति में यदि याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा किया जाता है तो उसके द्वारा गवाहों को प्रभावित करने की पूरी संभावना है।

अदालत ने कहा, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि भले ही जिलेटिन की छड़ें डेटोनेटर से जुड़ी नहीं थीं, लेकिन यह लोगों के मन में दहशत पैदा करने के लिए पर्याप्त थीं। यहां इस मामले में याचिकाकर्ता का प्रयास लोगों के एक विशेष वर्ग के मन में आतंक पैदा करना था और वह है अंबानी परिवार। अदालत ने कहा कि जब फरवरी 2021 में घटना हुई तो आरोपी अपराध खुफिया इकाई (सीआईयू) से जुड़ा था और उसे एक पुलिस अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

# श्री नारायण गुरू ने आधुनिक केरल की नींव रखी थी : मुख्यमंत्री विजयन



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शुक्रवार को 20वीं सदी के संत और समाज सुधारक श्री नारायण गुरु के योगदान की सराहना की और कहा कि वह कट्टर जाति-विरोधी और केरल में पुनर्जागरण आंदोलन के प्रेरणास्रोत थे।

मुख्यमंत्री ने संत की 96वीं पुण्यतिथि पर फेसबुक पर लिखा कि मानवता को ही मनुष्य की जाति बताने वाले श्री नारायण गुरु ने आधुनिक केरल की नींव रखी थी।

विजयन ने कहा कि श्री नारायण गुरु के 'दर्शन' ने, उनके उपदेशों ने हमेशा जाति-आधारित सामंतवादी सत्ता के केंद्रों पर सवाल उठाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने समाज में गहरी जड़ें जमा चुके जातिवाद को खत्म करने के लिए निम्न वर्ग के लोगों से अपना पारंपरिक व्यवसाय छोड़ने और नए क्षेत्रों में रोजगार तलाशने की अपील की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री नारायण गुरु की यादें समतावादी सिद्धांतों पर आधारित नए केरल के निर्माण के लिए राज्य के प्रयासों को शक्ति प्रदान करेंगी।

# जेपी मॉर्गन के फैसले से निवेशक आधार बढ़ेगा, रुपए भी होगा मजबूत: सीईए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को कहा कि भारत के सरकारी बॉन्ड को जेपी मॉर्गन के उभरते बाजार सूचकांक में अगले साल से शामिल किए जाने से निवेशक आधार का विस्तार होगा और इससे रुपए में मजबूती भी आ सकती है।

नागेश्वरन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जेपी मॉर्गन के इस फैसले से भारतीय वित्तीय संस्थानों को सरकारी बॉन्ड की खरीद की जिम्मेदारी से मुक्त होने का मौका मिलेगा और वे उस रकम का इस्तेमाल अधिक उत्पादक कार्यों के लिए निजी क्षेत्र को देने में कर सकेंगे। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से इस फैसले से भारत के सरकारी बॉन्ड में निवेश करने वाले निवेशकों का आधार बढ़ेगा। इसके अलावा देश में पूंजी प्रवाह बढ़ने से रुपए में मजबूती का भी रुझान रह सकता है। वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी जे पी मॉर्गन ने भारत की सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) को अगले साल से अपने उभरते बाजार सूचकांक में शामिल करने की घोषणा की है। भारत के सरकारी बॉन्ड को 28 जून, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक 10 महीने की अवधि में क्रमबद्ध तरीके से शामिल किया जाएगा।

इस पर अपनी प्रतिक्रिया में मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा, निवेशकों के बीच भारत सरकार के बॉन्ड को खरीदने की मांग है। ऐसे में यह मांग बढ़ने पर भारतीय मुद्रा के मजबूत होने की संभावना भी है।

# सरकार आईटी हार्डवेयर आयात मंजूरी प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन करेगी

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने आईटी हार्डवेयर कंपनियों से कहा कि लैपटॉप, टैबलेट, सर्वर आदि के लिए आयात मंजूरी प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन होगी। सरकार ने कंपनियों से मोबाइल, आईटी और दूरसंचार उत्पादों के आयात का पिछले तीन साल का आंकड़ा भी मांगा है। एक सूत्र ने कहा, संबंधित कंपनियों को बता दिया गया है कि आयात प्रबंधन प्रणाली पोर्टल इस महीने के अंत तक शुरू हो जाएगा। इसका प्रबंधन विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) करेगा। उन्होंने कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने कंपनियों को सूचित कर दिया है कि आयात प्रबंधन प्रणाली सितंबर के अंत तक शुरू हो जाएगा। इसका प्रबंधन डीजीएफटी करेगा। इसने आयातकों से अपने संगठन का आंकड़ा उपलब्ध कराने और बाद में पिछले तीन साल का आंकड़ा देने के लिए कहा है।

# अदालतें सेना को संचालित नहीं कर सकतीं : उच्चतम न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक महिला कर्नल की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अदालतें सेना को संचालित नहीं कर सकतीं। महिला कर्नल को सैनिकों की एक कंपनी का प्रभार सौंपा गया था, जिसकी कमान आमतौर पर दो रैंक कनिष्ठ मेजर के पास होती है।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ तीन मामलों की संयुक्त सुनवाई कर रही थी, जिनमें दो याचिकाएं थलसेना की महिला अधिकारियों और एक याचिका नौसेना की महिला अधिकारियों की ओर से दायर की गई थी। इन याचिकाओं में पदोन्नति सहित कई मुद्दे उठाए गए हैं। पीठ में न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने जब न्यायालय को अवगत कराया कि महिला कर्नल को एक कंपनी का प्रभार सौंप दिया गया है, जबकि इसका नेतृत्व आमतौर पर मेजर रैंक का अधिकारी करता है। इस पर पीठ ने कहा, हम अब सेना के कामकाज को संचालित नहीं कर सकते। पीठ ने कहा, हम विधि संबंधी मामलों में हस्तक्षेप करते हैं। इसने कहा, निश्चित तौर पर हम सेना की कमांड संरचना को संचालित करना शुरू नहीं कर सकते हैं। अधिकारी ने कहा कि यह ऐसा मामला है, जहां एक महिला अधिकारी को स्थायी कमीशन दिया गया है और वह सेना में एक कर्नल है।

# बीएसई में नौ अक्टूबर से नहीं होंगे 'स्टॉप लॉस' मार्केट सौदे

**नई दिल्ली/भाषा।** देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई ने परंपरागत या एल्गो पद्धति से पैदा होने वाले गलत सौदा आवंटन रोकने के लिए नौ अक्टूबर से 'स्टॉप लॉस मार्केट' (एसएल-एम) ऑर्डर बंद करने का फैसला किया है। यह कदम हाल ही में 'फ्रीक ट्रेड' यानी शेयर के भाव में अचानक से बहुत कम समय के लिए मौजूदा बाजार मूल्य से विचलन और फिर पुराने मूल्य पर वापस आने की घटना के बाद उठाया गया है। इसकी वजह से इस महीने की शुरुआत में एक एसएल-एम ऑर्डर से कारोबारी समुदाय में काफी नाराजगी थी। बीएसई ने शुक्रवार को एक सार्वजनिक नोटिस में कहा, गलत सौदा आवंटन को रोकने के कदम के तौर पर इक्विटी खंड, इक्विटी वायदा एवं विकल्प खंड, मुद्रा वायदा एवं विकल्प खंड और जिंस वायदा एवं विकल्प खंड में बाजार की स्थिति के साथ 'स्टॉप लॉस' सौदे नौ अक्टूबर से बंद कर दिए जाएंगे।

# सरकार का लक्ष्य 3 साल में स्थानीय उत्पादन के जरिए देश की 70% आईटी हार्डवेयर जरूरतों को पूरा करना : चंद्रशेखर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में स्थानीय उत्पादन के जरिए देश की 70 प्रतिशत तक आईटी हार्डवेयर आवश्यकता को पूरा करना और गैर-भरोसेमंद स्रोतों से आयात पर निर्भरता कम करना है।

चंद्रशेखर ने पत्रकारों से कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय दिन में उद्योग जगत के लोगों के साथ आईटी हार्डवेयर आयात नियमों का एक मसौदा साझा करेगा। मकसद गैर-भरोसेमंद स्रोतों से आपूर्ति पर निर्भरता को कम करना है।

मंत्री ने कहा, वर्तमान में डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के लिए हमारी करीब 80 प्रतिशत आपूर्ति आवश्यकता आयात से पूरी होती है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि जो भी स्रोत हैं, उन पर भरोसा किया जाए। विश्वास बढ़ाने के लिए आपूर्ति श्रृंखला में भारतीय घटक बढ़ना जरूरी होगा। आज हमारी आपूर्ति आवश्यकता का 8-10 प्रतिशत भारत से आता है, हम अगले तीन वर्षों में इसे 65-70 प्रतिशत करना चाहते हैं।

डेल, एचपी और लेनोवो सहित कम से कम 40 कंपनियों ने योजना अवधि के दौरान 4.65 लाख करोड़ रुपए के पर्सनल कंप्यूटर, लैपटॉप, टैबलेट, सर्वर तथा अन्य उपकरण बनाने की प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए आईटी हार्डवेयर में उत्पादन प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के लिए आवेदन किया है। यदि सभी कंपनियां योजना के तहत चयनित की जाती हैं तो सरकार को 17,000 करोड़ रुपए के बजटीय आवंटन के मुकाबले प्रोत्साहन राशि को 22,890 करोड़ रुपए तक बढ़ाने की आवश्यकता होगी।

**उत्तराखंड**

# रिजॉर्ट में छापा मारकर पुलिस ने 32 जुआरियों को गिरफ्तार किया

**ऋषिकेश (उत्तराखंड)/भाषा।** ऋषिकेश के निकट लक्ष्मण झूला क्षेत्र के भोगपुर तल्ला गांव में स्थित एक रिजॉर्ट पर छापा मारकर पुलिस ने चार महिलाओं समेत 32 कथित जुआरियों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान शराब की एक दर्जन से अधिक बोतलें, 3993 कैसीनो चिप्स सहित जुए में प्रयुक्त होने वाली सामग्री और पांच लाख रुपए से अधिक की नकदी भी बरामद की गई है।

पौड़ी की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने लक्ष्मण झूला पुलिस थाने में पत्रकारों को बताया कि नीरज फॉरेस्ट रिजॉर्ट में बृहस्पतिवार देर रात की गई छापे की इस कार्रवाई के दौरान रिजॉर्ट मालिक राजेश कुमार गुप्ता तथा रिजॉर्ट के प्रबंधक साहिल ग्रोवर फरार हो गए।

चौबे ने बताया कि एक मुखबिर से 20 सितंबर से 24 सितंबर तक रिजॉर्ट में बड़े पैमाने पर जुआ के आयोजन की सूचना मिलने पर पुलिस ने जाल बिछाया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अपनी कर्मचारी को ग्राहक बनाकर रिजॉर्ट भेजा और सूचना सही पाए जाने पर अपर पुलिस अधीक्षक, कोटद्वार जया बलूनी व पुलिस उपाधीक्षक रविंद्र चमोली के नेतृत्व में रिजॉर्ट पर छापा मारा। पुलिस ने बताया कि जुआ में हारने या जीतने वाला व्यक्ति ऑनलाइन भुगतान करता था जिसमें से 5% राशि आयोजक को मिलती थी। मौके से 28 जुआरियों के अलावा जुआ खेलने में मदद करने (क्रूपियर्स) वाली चार महिलाएं भी मिलीं, जो दिल्ली की रहने वाली हैं। उन्होंने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश करने के लिए कोटद्वार ले जाया जा रहा है।



# केरल के कई हिस्सों में लगातार हो रही है वर्षा, मौसम विभाग ने 'येलो अलर्ट' जारी किया

**येलो अलर्ट छह सेंटीमीटर से 11 सेंटीमीटर तक की भारी वर्षा का करता है संकेत प्रदान**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के कई हिस्सों में लगातार हो रही वर्षा के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को सात जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी जारी करते हुए 'येलो अलर्ट' जारी किया।

तिरुवनंतपुरम, कोल्लाम, पथनमथिट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टायम, इडुकी और एर्नाकुलम जिलों में भारी वर्षा होने का अनुमान है।

आईएमडी सूत्रों ने बताया कि कोझिकोड़, वायनाड़, कन्नूर और कसारगौड़ समेत राज्य के उत्तरी जिलों में अगले कई घंटों के दौरान गरज के साथ बौछारें पड़ने तथा मध्यम से भारी वर्षा होने की आशंका है।

'येलो अलर्ट' छह सेंटीमीटर से 11 सेंटीमीटर तक की भारी वर्षा का संकेत प्रदान करता है। कोट्टायम और इडुक्की जिलों में ऊंचाई वाले स्थानों पर लगातार वर्षा होने से जगह-जगह पर जलभराव हो गया और पेड़ उखड़ गए।

इस बीच, यहां पेप्पारा बांध के द्वार जलस्तर में वृद्धि को ध्यान में रखकर 10 सेंटीमीटर उठा दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने यह जानकारी दी।

यहां जारी एक बयान के अनुसार जिलाधिकारी ने लोगों से सावधान रहने का आह्वान किया है क्योंकि बांध के द्वार को और 10 सेंटीमीटर ऊंचा उठाया जाएगा।

कोट्टायम के पहाड़ी क्षेत्रों में भारी वर्षा से दो स्थानों पर भूस्खलन हुआ तथा विभिन्न मार्गों पर यातायात बाधित हुआ। उनमें एक रास्ता इडुक्की के पर्वतीय क्षेत्र वागामोन को जाता है।

जिला प्रशासन ने कहा कि अचानक भारी वर्षा से मीनाचिल नदी समेत झीलों एवं नदियों में जलस्तर भी बढ़ गया फलस्वरूप निचले इलाकों में बाढ़ की आशंका पैदा हो गई है।

# छत्तीसगढ़ : सुकमा जिले में नक्सल प्रभावित सात गांव 25 साल बाद हुए बिजली से रौशन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रायपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में नक्सली घटनाओं के कारण पिछले लगभग 25 वर्षों से अंधेरे में डूबे सात गांवों को पावर ग्रिड से बिजली मिली जिसके बाद इन गांवों के 342 परिवारों ने जमकर खुशियां मनाईं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि इन गांवों को वामपंथी उग्रवाद का खामियाजा भुगतना पड़ा था। 1990 के दशक के अंत में नक्सलियों ने इन गांवों में लगे बिजली के खंभों और बुनियादी ढांचे को क्षतिग्रस्त कर दिया था जिससे स्थानीय लोग बिजली आपूर्ति से वंचित हो गए थे। उन्होंने बताया कि कुछ घरों में एक बल्ब जलाने और पंखा चलाने के लिए सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली की आपूर्ति की जाती थी लेकिन उसके रखरखाव के कारण परेशानी भी होती थी।

सुकमा जिले के कलेक्टर हारिस एस ने बताया कि सरकार और प्रशासन जनता, विशेषकर अंतिम व्यक्ति तक राशन, बिजली आपूर्ति, पानी आपूर्ति आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कलेक्टर ने बताया कि इस क्षेत्र के सात गांवों डब्बाकोंटा, पिड़मेल, एकलगुडा, दुरामांगु, तुमबांगु, सिंगनपाड और डोकपाड में इस सप्ताह बिजली की आपूर्ति की गई। उन्होंने बताया कि सात गांवों में विद्युतीकरण से लगभग 342 परिवारों को लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अन्य गांवों में भी जल्द बिजली पहुंचायी जाएगी।

सुकमा बस्तर संभाग के सात जिलों में से एक है। यह राजधानी रायपुर से लगभग चार सौ किलोमीटर दूर है।

बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि क्षेत्र में छह पुलिस शिविर स्थापित करने से यहां विकास में मदद मिली है तथा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों तक पहुंचा है।

सुंदरराज ने बताया कि इन गांवों में 1990 के दशक के अंत तक बिजली थी। माओवादियों द्वारा बिजली के खंभों और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने के कारण लगभग 25 वर्षों तक ग्रामीण नियमित बिजली आपूर्ति से वंचित रहे। ग्रामीण सौर ऊर्जा पर निर्भर थे लेकिन कई घरों में बिजली की निरंतर पहुंच नहीं थी।



# शाह और नड्डा से मिले कुमारस्वामी, जद (एस) और भाजपा का हुआ गठबंधन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के नेतृत्व वाले जनता दल (सेक्युलर) ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने का फैसला किया। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले जद (एस) के इस फैसले को कर्नाटक की राजनीति में अहम माना जा रहा है क्योंकि देवेगौड़ा परिवार की यह पार्टी दक्षिण के इस राज्य में तीसरी बड़ी ताकत है। राज्य में कांग्रेस की सरकार है जबकि भाजपा विपक्ष में है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी के बीच हुई एक बैठक के बाद भाजपा नेताओं ने बताया कि जद (एस) ने राजग में शामिल होने का फैसला किया है। यह बैठक शाह के आवास पर हुई। नड्डा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारे वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी से मुलाकात की। मुझे खुशी है कि जद (एस) ने राजग का हिस्सा बनने का फैसला किया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, हम तहे दिल से उनका राजग में स्वागत करते हैं। इससे राजग को और मजबूती मिलेगी।

शाह ने एक पोस्ट में कहा, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) नेता एच डी कुमारस्वामी के साथ भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण में अपना विश्वास व्यक्त करते हुए, जद (एस) ने राजग का हिस्सा बनने का फैसला किया है। मैं राजग परिवार में जद (एस) का गर्मजोशी से स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा, उनका सहयोग कर्नाटक को विकास के पथ पर ले जाएगा और एक मजबूत राजग और एक मजबूत भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा।

कुमारस्वामी ने कहा कि भाजपा के साथ गठबंधन हो गया है और सीटों के तालमेल को लेकर वार्ता जारी रहेगी। भाजपा का मानना है कि जद (एस) के साथ गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनावों में उसका दबदबा सुनिश्चित करेगा क्योंकि क्षेत्रीय पार्टी का दक्षिण कर्नाटक में काफी प्रभाव है जहां भगवा पार्टी पारंपरिक रूप से कमजोर रही है। कुमारस्वामी 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक में भाजपा के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन पर चर्चा के लिए बृहस्पतिवार को दिल्ली पहुंचे थे।

दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन की चर्चा तब से सुर्खियों में थी जब भाजपा के वरिष्ठ नेता और संसदीय बोर्ड के सदस्य बी एस येडीयुरप्पा ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि उनकी पार्टी आम चुनावों के लिए जद(एस) के साथ गठबंधन करेगी और जद(एस) कर्नाटक में चार लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कर्नाटक में लोकसभा की कुल 28 सीट हैं। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनावों में इनमें से 25 सीट जीती थीं, जबकि मांड्या सीट पर उसके समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार सुमलता अंबरीश ने जीत हासिल की थी। कांग्रेस और जद(एस) ने एक-एक सीट जीती थी।

इस साल मई में हुए 224 सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 135 सीटों पर जीत मिली थी जबकि उस समय सत्ता में मौजूद भाजपा के हिस्से में 66 सीट आई थी। जद (एस) का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और उसे 19 सीटों से संतोष करना पड़ा था।

## राजग में जद(एस) के प्रवेश की कर्नाटक भाजपा ने सराहना की

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। भारतीय जनता पार्टी की कर्नाटक इकाई ने जनता दल (एस) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में प्रवेश की सराहना की और कहा कि इससे 2024 के लोकसभा चुनाव में भगवा पार्टी की संभावनायें और मजबूत होंगी। पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा की अध्यक्षता वाली पार्टी ने आज घोषणा की कि यह भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन करेगी। इससे पहले पार्टी नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी की गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ बैठक हुई।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येडीयुरप्पा ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग देश भर में बड़ा, मजबूत और सबसे भरोसेमंद राजनीतिक गठबंधन बन रहा है। मैं राजग परिवार में जद (एस) का हार्दिक स्वागत करता हूं। हम मिलकर एक मजबूत राजग और नए भारत का निर्माण करेंगे। एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने एक्स पर लिखा, हमारे नेता अमित शाह और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी के साथ एच डी कुमारस्वामी की बैठक सफल रही। जद (एस) नेता का राजग में स्वागत है। यह कर्नाटक में राजनीतिक रूख बदलने वाला होगा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद नलिन कुमार कटील ने भी राजग गठबंधन में जद (एस) के शामिल होने का स्वागत किया। कटील ने कहा, भाजपा और जद(एस) के बीच इस गठबंधन से भाजपा राज्य में अधिकतम सीटें जीतेगी।



# अनंत चेतना भारतीय ज्ञान प्रशिक्षण केंद्र का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गेहलोत ने कहा कि भगवान बसवेश्वर के 'कायाकेव कैलास' और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय में विश्वास रखने वाले अजातशत्रु अनंतकुमार की सोच, विचार और दृष्टिकोण और हित में किए गए कार्य देश और जनता सबके लिए प्रेरणा है।

शहर के बसवनगुड़ी में अनंतकुमार के 64वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित 'अनंत नमना' कार्यक्रम में भाग लिया और अनंत चेतना भारतीय ज्ञान प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मैं अनंत कुमार को 25 साल से अधिक समय से जानता हूं। मैंने अपने गृह राज्य मध्य प्रदेश और केंद्रीय मंत्रिमंडल में उनके साथ बहुत करीब से काम किया है। मैं उन्हें बहुत करीब से जानता हूं। अंतिम क्षण तक अथक परिश्रम करने वाले अनंतकुमार केवल सार्वजनिक जीवन में नहीं बल्कि किसी भी क्षेत्र में काम कर अपने आप को प्रतिष्ठित किया।

उन्होंने कहा कि वे एक सच्चे देशभक्त, सामाजिक कार्यकर्ता, आदर्शवादी और ऊर्जावान जन प्रतिनिधि थे अनंतकुमार। पार्टी संगठन की जिम्मेदारी हो या समाज सेवा का कार्य, उन्होंने अपनी अनूठी जीवनशैली से अमिट छाप छोड़ी।

वर्ष 1997 में अनंत कुमार ने अपनी माता श्रीमती गिरिजा शास्त्री की स्मृति में अदम्य चेतना की शुरुआत की। जिसके माध्यम से दशकों से जरूरतमंदों की सेवा का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अन्न-अक्षर-आरोग्य, मध्याह्न भोजन कार्यक्रम, जीरो वेस्ट किचन, ग्रीन संडे वृक्षारोपण जैसे अनेक कार्यक्रम अदम्य भावना के साथ सफलतापूर्वक क्रियान्वित किये जा रहे हैं।

केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के तहत कर्नाटक के बेंगलूरु, हुब्बल्ली, कलबुर्गी और राजस्थान के जोधपुर में प्रतिदिन 1.5 लाख से अधिक बच्चों को गर्म, स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में अदामी चेतना का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात है कि इस विशेषज्ञता के अलावा अदम्य जज्बा भी उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों को हरा-भरा बनाने में मदद कर रहा है।

मुझे अद्म्य चेतना की रसोई देखने का मौका मिला, एक अद्भुत अदम्य भावना जो हर दिन बेंगलूरु में हजारों बच्चों को भोजन प्रदान करती है। उन्होंने कहा, 'मैं रसोई में काम करने वाले सभी लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूं।' उन्होंने कहा कि लोगों को देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करने के लिए पिछले साल अनंत मोटिवेशन सेंटर की स्थापना की गई थी। उन्होंने कहा कि अनंतकुमार फाउंडेशन अनंतकुमार के विचारों और कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य सफलतापूर्वक कर रहा है। कार्यक्रम में अनंतकुमार फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती तेजस्विनी अनंतकुमार, प्रोफेसर पी.वी. कृष्णा भट्ट, न्यायमूर्ति एन. कुमार एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## भाजपा की 'बी टीम' जद (एस) आधिकारिक रूप से राजग में शामिल हुई : कांग्रेस

बेंगलूरु/नई दिल्ली। कांग्रेस ने जनता दल (एस) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने को लेकर उस पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी की 'बी टीम' आज आधिकारिक रूप से राजग का हिस्सा बन गई। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस ने जो बार-बार कहा था, आज आधिकारिक तौर पर उसकी पुष्टि हो गई है। राज्य में भाजपा की बी टीम' जद (एस) आधिकारिक तौर पर राजग का हिस्सा बन गई है।

# महिला को धर्मपरिवर्तन के लिए बाध्य करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक पुलिस ने 32 वर्ष के एक व्यक्ति को दूसरे धर्म की एक महिला के कथित तौर पर धर्म परिवर्तन का प्रयास करने और शादी के बहाने 'अप्राकृतिक यौन कृत्य' में लिप्त होने के आरोप में जम्मू कश्मीर के श्रीनगर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान मोगिल अशरफ बेग के तौर पर की गई है, जो यहां एक आईटी कंपनी में काम करता था। पुलिस ने बताया कि वह पीड़िता को 2018 से जानता है और उसके साथ 'लिव-इन' में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि महिला भी यहां एक तकनीकी कंपनी में काम करती थी।

पुलिस के अनुसार, युगल 'कोर्ट मैरिज' करने की योजना बना रहा था, लेकिन बाद में व्यक्ति ने कथित तौर पर महिला पर इस्लाम कबूल करने के लिए दबाव डाला। पुलिस के अनुसार महिला ने बेग पर यह आरोप भी लगाया कि उसने शादी का झांसा देकर उसे यौन संबंध बनाने के लिए राजी किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्राथमिकी में महिला ने आरोप लगाया है कि बेग ने उसे 'अप्राकृतिक यौन कृत्य' के लिये मजबूर किया। अधिकारी ने कहा कि उसने बेग के भाई पर फोन पर धमकी देने का आरोप भी लगाया।

मामला छह सितंबर को सामने आया, जब पीड़िता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि उसके साथ बलात्कार किया गया और उसे धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया। महिला ने 'एक्स' पर बेंगलूरु पुलिस, कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी, प्रधानमंत्री कार्यालय, बेंगलूरु के पुलिस आयुक्त को टैग करते हुए पोस्ट किया, 'श्रीमान, मैं लवजिहाद, बलात्कार, अप्राकृतिक यौन संबंध और जबरन धर्म परिवर्तन की पीड़ित हूं। कृपया मुझे तुरंत बेंगलूरु में पुलिस सहायता प्रदान करें, क्योंकि मेरी जान खतरे में है।' महिला की शिकायत के बाद, सात सितंबर को बेलंदूर पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई। हालांकि, बाद में मामला हेब्बागोडी पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दिया गया क्योंकि घटना उसके अधिकार क्षेत्र में हुई थी।

# देवेगौड़ा ने कावेरी मुद्दे से निपटने के सरकार के तरीके पर नाखुशी जतायी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। कावेरी नदी का पानी तमिलनाडु को देने के खिलाफ कर्नाटक में प्रदर्शन के बीच जनता दल (एस) के अध्यक्ष एच डी देवेगौड़ा ने शुक्रवार को अंतर-राज्यीय जल विवाद से निपटने के कांग्रेस सरकार के तरीके पर नाखुशी जतायी। उच्चतम न्यायालय ने कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण एवं कावेरी जल नियमन समिति द्वारा तमिलनाडु को 15 दिन तक प्रति दिन 5,000 क्यूसेक पानी देने के बारे में कर्नाटक सरकार को दिए गए आदेशों के संदर्भ में दखल देने से इनकार कर दिया है।

कर्नाटक यह कहता रहा है कि वह अपनी पेयजल और कावेरी बेसिन के इलाकों में सिंचाई की जरूरतों को देखते हुए पानी छोड़ने की स्थिति में नहीं है क्योंकि मानसून की बारिश कम होने के कारण पानी की किल्लत है। पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा ने इस मुद्दे से निपटने के तरीके पर असंतोष जताते हुए कहा, राज्य सरकार के अधिकारी सीडब्ल्यूएमए की बैठकों में नहीं जा रहे हैं। वे वर्चुअल माध्यम से इसमें भाग ले रहे हैं...अगर आप वर्चुअल माध्यम से बैठकों में भाग लेते हैं तो क्या बात बनेगी? उन्होंने कहा कि चूंकि कावेरी जल विवाद पर उच्चतम न्यायालय ने अपना फैसला सुना दिया है तो वह पूर्व प्रधानमंत्री होने के नाते उस पर टिप्पणी नहीं करना चाहते। देवेगौड़ा ने कहा कि उन्होंने संसद के हाल में संपन्न सत्र के दौरान राज्यसभा में कावेरी मुद्दा उठाया था लेकिन विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे समेत राज्य के किसी भी सांसद ने इसके बारे में बात नहीं की।

**In the Court Of XVII Civil Judge Class-II, District Court Bhopal**

**Presiding Officer : सुश्री ऋचा भट्ट**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु (**RCS B/0000189/2021**)

**वली बाबा टेक्नॉलाजी द्वारा डायरेक्टर निखिल घोरपडे**.................................वादी

**Vs**

**षणमुघा मुर्ति**..........................प्रतिवादी

Process ID-779/2023

प्रेषिती– **पेशी दिनांक 30.09.2023**

**षणमुघा मूर्ति** पता–फ्लेट नं.–1, नेमीनाद नगर **मुदीचूर रोड तंबरम तमिलनाडू**

यह कि प्रार्थी **वली बाबा टेक्नॉलाजी द्वारा डायरेक्टर निखिल घोरपडे** ने आपके विरूद्ध वाद वास्ते वसूली के लिए वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के **30 दिवस** के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें।

यह आज तारीख 24 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिये जायेगा।

**(ऋचा भट्ट)**
**सत्रहवे व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड भोपाल (म.प्र.)**

## मुतालिक पर नफरती भाषण का मामला दर्ज

हुब्बल्ली। कर्नाटक में श्रीराम सेना के संस्थापक प्रमोद मुथालिक पर दूसरे धर्मों के लोगों के खिलाफ कथित नफरत भरे भाषण के लिए मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुतालिक पर हुब्बल्ली उपनगर पुलिस स्टेशन में भादस की धारा 153 (ए) के तहत धर्म, नस्ल के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने और 295 (ए) के तहत जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्यों के लिए धार्मिक भावनाओं को अपमानित करने के लिए मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में शिकायत नगर निगम के सहायक आयुक्त चन्द्रशेखर गौड़ा ने दर्ज करायी है। हुबली ईदगाह मैदान में गणेश प्रतिमा की स्थापना का विरोध करने पर मुथालिक ने अंजुमन-ए-इस्लामी पर निशाना साधा था। अदालत में धार्मिक संस्था अंजुमन-ए-इस्लाम ने ईदगाह मैदान में गणेश प्रतिमा की स्थापना का विरोध किया था। हालाँकि, अदालत ने याचिका रद्द कर दी। नगर निकाय ने ईदगाह मैदान में तीन दिनों तक गणेश उत्सव मनाने की अनुमति दी थी।

## दो महिलाओं को सऊदी अरब में 'बेचने' के आरोप में गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी/पुणे। मानव तस्करी के एक रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए पुणे पुलिस ने शहर की दो महिलाओं को सऊदी अरब में 4 लाख रुपये में कथित तौर पर 'बेचने' के आरोप में कर्नाटक के एक व्यक्ति को मुंबई से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान एम. फैय्याज ए. याह्या के रूप में हुई है, जो बेंगलूरु का रहने वाला है, उसे मुंबई के ओशिवारा उपनगर में उसके घर से पकड़ा गया और पुणे ले जाया गया।

जांचकर्ता मार्केटयार्ड पुलिस स्टेशन के अधिकारी पीएसआई युवराज शिंदे ने बताया, हमने गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे पुणे की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 26 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। 28 साल के याहया के अलावा, उसके पांच सहयोगी अब्दुल हामिद शेख, हकीम और तीन महिलाएं नसरीन, रहीम और शमीमा अभी भी फरार हैं। युवराज शिंदे ने कहा कि पुलिस टीमों ने उनके दफ्तर ए.ए. एंटरप्राइजेज की भी जांच की है, जो दक्षिण मुंबई के माहिम में स्थित नौकरियों के लिए 'भर्ती' करने वाली कंपनी है। मामले की जानकारी देते हुए शिंदे ने कहा कि याह्या और उसके साथियों ने अलग-अलग शहरों की गरीब महिलाओं को सऊदी अरब में संपन्न परिवारों में 35,000 रुपये प्रति माह के मासिक वेतन पर घरेलू नौकरानी के रूप में आकर्षक नौकरी दिलाने का झांसा दिया। दोनों पीड़िता पुणे के मार्केटयार्ड इलाके के अंबेडकर नगर से हैं। दोनों पर्यटक वीजा पर वहां पहुंचे और काम करना शुरू किया, तो उन्हें वादे से बहुत कम वेतन मिला और कथित तौर पर उनके नियोक्ताओं ने उन्हें कई तरह की यातनाएं दी।

# कावेरी मुद्दे पर कई जगह विरोध प्रदर्शन, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी से जल छोड़ने को लेकर कर्नाटक के विभिन्न हिस्सों में शुक्रवार को भी विरोध प्रदर्शन हुए। शनिवार को बंद का भी आह्वान किया गया है। विरोध-प्रदर्शनों के मद्देनजर पुलिस ने पूरे कर्नाटक में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। उच्चतम न्यायालय के कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) और कावेरी जल नियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) के आदेशों में हस्तक्षेप करने से इनकार किये जाने के बाद कर्नाटक के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए।

सीडब्ल्यूआरसी ने 12 सितंबर को दिए अपने आदेश में कर्नाटक को अगले 15 दिन तक तमिलनाडु को हर दिन 5,000 क्यूसेक पानी देने का निर्देश दिया था। सीडब्ल्यूआरसी ने इस आदेश को बरकरार रखा था। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को इन आदेशों में हस्तक्षेप से इंकार कर दिया था। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि पुलिस किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

किसान संगठनों और कन्नड़ समर्थक संगठनों ने कावेरी नदी घाटी जिलों मैसूरु, मंड्या, चामराजनगर, रामानगर, बेंगलूरु और राज्य के अन्य हिस्सों में विरोध प्रदर्शन कर अपना रोष व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार से पड़ोसी राज्य को पानी नहीं छोड़ने का आग्रह किया। कर्नाटक का कहना है कि वह कावेरी नदी घाटी क्षेत्रों में खड़ी फसलों के लिए सिंचाई के पानी और पेयजल की अपनी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पानी छोड़ने की स्थिति में नहीं है, क्योंकि मानसून में कम बारिश के कारण पानी की कमी हो गई है। चित्रदुर्ग, बल्लारी, दावणगेरे, कोप्पल और विजयपुरा जैसे जिलों में भी विरोध प्रदर्शन हुआ।

रायथा हितरक्षण समिति के तत्वावधान में किसानों ने मंड्या में सर एम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा के निकट विरोध प्रदर्शन जारी रखा। उनके साथ आज प्रदर्शन में आदिचुंचनगिरि मठ के प्रमुख निर्मलानंदनाथ स्वामीजी भी शामिल हुए।



प्रदर्शनकारी किसानों को संबोधित करते हुए निर्मलानंदनाथ स्वामीजी ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार को उच्चतम न्यायालय के समक्ष तथ्य पेश करने चाहिए और राज्य के किसानों और लोगों के हितों की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मठ किसानों की ओर से राज्य सरकार और केंद्रीय मंत्रियों से बात करेगा।

जिला रायथा हितरक्षण समिति ने शनिवार को मंड्या में बंद का आह्वान किया है, जिससे जिले में सामान्य जनजीवन प्रभावित हो सकता है क्योंकि इसे विभिन्न संगठनों का समर्थन मिल रहा है। कर्नाटक सरकार से पानी न छोड़ने और इसके बजाय राज्य के हितों की रक्षा करने की मांग को लेकर विभिन्न स्थानों पर किसानों और संगठनों के विरोध प्रदर्शन के बारे में गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा, इसमें कुछ भी गलत नहीं है। विरोध करना उनका अधिकार है और सरकार को इस पर कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट नहीं किया जाना चाहिए, उन्हें किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल नहीं होना चाहिए और लोगों को असुविधा नहीं होनी चाहिए। मैं इस संबंध में उनसे अपील करता हूं।

उन्होंने कहा कि यदि कोई अप्रिय घटना होती है तो पुलिस स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि मंड्या जिले में केआरएस बांध के निकट और अन्य स्थानों पर जहां विरोध प्रदर्शन हो रहा है, सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है।

बेंगलूरु के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने अपने अधीनस्थों के साथ बैठकें कीं और शहर के सभी पुलिस उपायुक्तों को सतर्क रहने और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में, खासकर तमिल बहुल इलाकों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किये गये हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि तमिलनाडु में पंजीकृत किसी भी बस या निजी वाहन पर पथराव की कोई घटना न हो।

**MINORITY WELFARE DEPARTMENT**

Directorate of Minorities, #16 C, Moulana Azad Bhavan, Miller Tank Bed Area, Vasantha Nagara, Bengaluru-560052.
Ph No. 080-22535901/02, Help Line No: 8277799990,
Email:**directorgokdom@gmail.com** Website: **https://dom.karnataka.gov.in**

**Muslim, Christian, Jain, Buddhist, Sikh, Parsi**
**ANNOUNCEMENT OF SCHOLARSHIP 2023-24**
**Directorate of Minorities, Minority Welfare Department, invited online applications for Pre-metric scholarship to the Eligible minority students studying in 1st to 8th Standard for the year 2023-24**

**For Online application visit the following websites:**

The students can apply for scholarships by visiting the links given below: https://ssp.karnataka.gov.in (State Scholarship Portal) https://dom.karnataka.gov.in (Directorate of Minorities - GOK)
**Apply Online for Fresh Applications :** Pre-Matric Scholarship, **Last Date to apply : 30.11.2023 (Class -1 to Class-8)**


**Eligibility Conditions:**

- The student must belong to minority community (Muslim, Christian, Jain, Buddhist, Sikhs and Parsi)
- The student must be a domicile of Karnataka.
- The student must have scored at least 50% marks in the previous year final exam.
- Total family income must not exceed Rs. 1.00 lakhs.
- 1st Std. students are considered as fresh students.

For further details, Instructions and procedures please visit Directorate of Minorities website: **https://dom.karnataka.gov.in**:For assistance contact nearest Minority Information Centres. (MIC).

**Date: 22.09.2023**
**Place:Bengaluru**
DIPR/CP/1399/Zen/2023-24

**Sd/-**
**Director,**
**Directorate of Minorities, Bengaluru**



# कांग्रेस सरकार में अपराधियों को दिया जा रहा है संरक्षण : प्रमोद सावंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार में अपराधियों एवं भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। सावंत आज भिवाडी में भारतीय जनता पार्टी द्वारी जा रही परिवर्तन संकल्प यात्रा के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अपराधों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। दलित अपराध बढ़ गए हैं, गैंगरेप बढ़ गए हैं राजस्थान में अलवर पहले नंबर पर आ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में साधु संतों और पुजारी की हत्या भी खुलेआम हो रही है। मंदिरों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अलवर की हरीश जाटव, योगेश जाटव की हत्या का मामला भी हुआ था लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं कि आखिर में हरीश जाटव के पिता को आत्महत्या करनी पड़ी।

उन्होंने आरोप लगाया कि यूपीए के नाम से विपक्षी दलों ने अब इंडिया नाम रखा है जो सनातन धर्म को खत्म करने की बात करता है। उन्होंने कहा कि नाम बदलने से कुछ नहीं होगा जब तक नीति और नियत में बदलाव नहीं हो। उनकी नियत और नीति में कोई बदलाव नहीं है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में परिवर्तन यात्रा सभी विधानसभा क्षेत्र में चल रही है और भरपूर से हो मिल रहा है। इस सहयोग से ऐसा तय हो गया है कि अब राजस्थान में जनता बदलाव चाहती है और डबल इंजन की सरकार लाने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री आजादी का अमृत कल चल रहा है ऐसे में यह साफ दिखाई देता है कि 60 साल में जो काम नहीं हुआ उसे आजादी के अमृत काल में काम हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता अभियान डिजिटल इंडिया के साथ इतना बदलाव किया कि अब डिजिटल इंडिया विदेश में भी माना जा रहा है।

जनधन खाता खोले गए हैं राजस्थान में करीब 3 करोड़ से अधिक जनधन खाता खोले गए हैं। 85 लाख शौचालय बनाए गए हैं। यह केंद्र सरकार की बड़ी उपलब्धियां में शामिल है।

## गहलोत ने गजेंद्र शेखावत को 'निकम्मा, निकारा' कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के लिए 'निकम्मा' और 'नकारा' जैसे शब्दों का उपयोग करते हुए उन्हें बेकार बताया। गहलोत ने इससे पहले अपने साथी कांग्रेस नेता सचिन पायलट के लिए भी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। मुख्यमंत्री पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं करने के लिए केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर निशाना साध रहे थे। उन्होंने राजस्थान से भारतीय जनता पार्टी के 25 सांसदों का जिक्र करते हुए दावा किया कि वे राज्य के लिए कुछ नहीं कर रहे हैं। गहलोत ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, मंत्री यहीं के हैं। वह ऐसे 'नकारा', 'निकम्मा' मंत्री हैं। वह हमारे मंत्री हैं, जोधपुर से हमारे सांसद हैं। उन्होंने सवाल किया, 25 सांसद क्या कर रहे हैं? इन सांसदों से पूछें। जनता ने आप पर भरोसा किया और आपको सांसद बनाया।' इससे पहले, गहलोत ने 2020 में अपने नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह करने के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के लिए भी इन्हीं शब्दों का इस्तेमाल किया था।

### कन्हैया लाल हत्याकांड पर असम के मुख्यमंत्री ने कहा

# असम में 'पांच मिनट' में जवाब मिला होता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने उदयपुर में दर्जी कन्हैया लाल की हत्या को लेकर बृहस्पतिवार को राज्य की अशोक गहलोत नीत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर उनके गृह राज्य में ऐसा कुछ हुआ होता तो पांच मिनट में जवाबी कार्रवाई हो गई होती। शर्मा यहां भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा को संबोधित कर रहे थे। पिछले साल जून में उदयपुर के धान मंडी इलाके में चाकू से वार करके दो लोगों ने कन्हैया लाल की हत्या कर दी और ऑनलाइन वीडियो पोस्ट कर कहा था कि वे इस्लाम के अपमान का बदला ले रहे हैं।

असम के मुख्यमंत्री ने क्रूर हत्या के लिए कांग्रेस सरकार को दोषी ठहराते हुए कहा, अगर यह असम में हुआ होता, तो पांच मिनट के भीतर टेलीविजन पर इसी तरह की एक और खबर होती... तुरंत सबक सिखाने की जरूरत है। उन्होंने आगामी राजस्थान चुनावों में भाजपा की जीत की आशा जतायी।

शर्मा ने कहा, हिंदू सिर को शरीर से अलग करना नहीं जानते, लेकिन वे राजस्थान चुनाव में भाजपा को लाने के लिए ईवीएम के जरिए कांग्रेस के साथ ऐसा जरूर करेंगे। बाद में, असम के मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में उदयपुर हत्याकांड को लेकर राजस्थान सरकार पर हमला करने की बात स्वीकार की और सवाल किया कि क्या हिंदू का सिर धड़ से अलग होने के लिए होता है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हां, मैं अपने शब्दों पर कायम हूं। यह (उदयपुर हत्याकांड) एक ब्रेकिंग न्यूज थी...पांच मिनट के भीतर एक और ब्रेकिंग न्यूज आनी चाहिए थी।



# अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और सांसद राघव चड्ढा विवाह के लिए उदयपुर पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। आम आदमी पार्टी (आप) नेता राघव चड्ढा और अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इस सप्ताह होने वाली अपनी शादी से पहले शुक्रवार को उदयपुर पहुंचे।

शनिवार को विवाह पूर्व समारोह और रविवार को उदयपुर के 'द लीला पैलेस' में होने वाले मुख्य समारोह में कई नामचीन नेताओं और फिल्मी हस्तियों के शरीक होने की उम्मीद है।

परिणीति (34) और चड्ढा (34) अपने परिवारों के साथ उदयपुर के डबोक हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां से वे अपने होटल के लिए रवाना हुए। शादी के लिए परिणीति की बहन प्रियंका चोपड़ा जोनास के भी शनिवार को उदयपुर पहुंचने की उम्मीद है। विवाह समारोहों के लिए सुरक्षा की दृष्टि से भी पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ समारोह में शरीक होंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के आने की भी उम्मीद है। रविवार को होने वाले विवाह समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शरीक हो सकते हैं। परिणीति और राघव ने मई में दिल्ली में एक निजी समारोह में परिवार के सदस्यों और नेताओं की मौजूदगी में सगाई की थी।

## राजस्थान फाउंडेशन ने कनाडा में रहने वाले राजस्थानियों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान फाउंडेशन ने कनाडा में रहने वाले राजस्थानियों की खुशहाली और समुचित सहायता सुनिश्चित करने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। हेल्पलाइन नंबर +91 83060 09838, 0141-2229111 और 011-23070807 हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कनाडा में उभरती स्थिति पर राजस्थानियों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की थी, जिसके बाद नंबर लॉन्च किए गए। राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव ने बताया, कनाडा में राजस्थानियों को चिकित्सा आपात स्थिति, कानूनी पूछताछ और सामान्य सहायता सहित विभिन्न जरूरतों के लिए सहायता प्राप्त करने के लिए एक सीधा और विश्वसनीय चैनल प्रदान करने के लिए ये समर्पित हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। उन्होंने यह भी अपील की कि इन संपर्क नंबरों को दुनिया भर में फैले राजस्थानी प्रवासियों द्वारा साझा किया जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जिन्हें सहायता की आवश्यकता है वे राजस्थान फाउंडेशन तक पहुंच सकें।

### जायजा



जयपुर में शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं राहुल गांधी के कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर सभा स्थल पर तैयारियों का निरीक्षण करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविद सिंह डोटासरा।



## राजस्थान में मिनी इजराइल की संकल्पना हो रही साकार : उषा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा है कि इजरायल से प्रेरणा लेकर राज्य में मिनी इजराइल की संकल्पना को साकार किया जा रहा है जिससे उन्नत तकनीकों से किसानों को लाभ मिल रहा है। श्रीमती शर्मा ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में इजरायली राजदूत नाओर गिलोन के उनसे शिष्टाचार भेंट के दौरान यह बात कही। इस दौरान उन्होंने गिलोन से प्रदेश के कृषि क्षेत्र की नई तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि राजस्थान और इजराइल की एक समान जलवायु होने के कारण कृषि तकनीकों में भी कई समानताएं हैं। इजराइल से प्रेरणा लेकर राज्य में मिनी इजराइल की संकल्पना को साकार किया जा रहा है, जिसके तहत कृषि की उन्नत तकनीकों का उपयोग कर कृषकों द्वारा अधिक मुनाफा कमाया जा रहा है।

गिलोन ने प्रदेश के मिनी इजराइल एवं अन्य नवाचारों की सराहना की और इजराइल में माइक्रो इरिगेशन के क्षेत्र में हो रहे विकास के सम्बन्ध में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने राज्य में जल संरक्षण के विषय में भी अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर कृषि एवं उद्यानिकी शासन सचिव डॉ.पृथ्वी ने गिलोन से प्रदेश में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के संबंध में इजराइल के सहयोग को लेकर विचार-विमर्श किया।

## सरपंच तीन लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर।राजस्थान के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को उदयपुर के मावली में एक सरपंच को परिवादी से कथित तौर पर 3.15 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि परिवादी ने शिकायत की कि उसके द्वारा संचालित स्कूल को आबादी भूमि पर अतिक्रमण करके बनाने की शिकायत संपर्क पोर्टल पर की गई थी। इसकी जांच में उसके पक्ष में कारवाई कर उक्त आबादी भूमि के अतिक्रमण को नियमित करने की एवज में आरोपी सरपंच (मेडता पंचायत) खेम सिंह देवड़ा चार लाख रुपये की रिश्वत मांग कर परेशान कर रहा है।

परिवादी के आग्रह पर आरोपी तीन लाख 50 हजार रुपये लेने पर सहमत हुआ। उन्होंने बताया कि शिकायत के सत्यापन के बाद दल ने आरोपी सरपंच को परिवादी से तीन लाख 15 हजार रुपये (50 हजार रुपये नगद एवं स्वयं के नाम 2 लाख 65 हजार रुपये का चेक) की रिश्वत राशि के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले आरोपी सरपंच ने परिवादी से 35 हजार रुपये लिए थे। उन्होंने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आरोपी के आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाश जारी है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी सरपंच के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## 'संकल्प सप्ताह' के आयोजन को लेकर दिए निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने कहा कि नीति आयोग के आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्मिलित ब्लॉको में 'सबकी आकांक्षाएं सबका विकास' की थीम पर संकल्प सप्ताह का आयोजन किया जाना है। उन्होंने कहा कि आगामी 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2023 तक आयोजित होने वाले 'संकल्प सप्ताह' के अन्तर्गत राज्य के सभी 27 आशान्वित ब्लॉक में दिवसवार स्वास्थ्य मेला, पोषण मेला, स्वच्छता शिविर, कृषि महोत्सव, शिक्षा एक संकल्प, समृद्धि दिवस और समावेश समारोह का आयोजन कार्ययोजना बनाकर सुनिश्चित किया जाए।

श्रीमती शर्मा शुक्रवार को शासन सचिवालय में आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के संबंध में आयोजित आयोजना विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने सभी जिला कलक्टर्स को निर्देश दिए कि 30 सितम्बर 2023 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 'संकल्प सप्ताह' के शुभारम्भ कार्यक्रम में प्रतिभागियों का मनोनयन कर नीति आयोग को सूचना उपलब्ध करवायी जाएं। उल्लेखनीय है कि संकल्प सप्ताह के शुभारम्भ कार्यक्रम में राज्य के आशान्वित ब्लॉको से 54 ब्लॉक स्तरीय प्रतिभागी, 135 ग्राम स्तरीय एवं 6 जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे।

मुख्य सचिव ने बैठक में जिला कलक्टर्स को 25 सितम्बर तक ब्लॉक डवलपमेंट प्लान तैयार करने एवं इस कार्यक्रम की जिला स्तर पर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबधित विभाग के अधिकारियों को बेसलाइन डेटा के वेलीडेशन को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिलों के पीएमएफएस अकाउंट के मैंपिंग एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के प्रशिक्षण की समीक्षा भी की।

उल्लेखनीय है कि नीति आयोग द्वारा आशान्वित जिला कार्यक्रम की तर्ज पर आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत देश के 500 ब्लॉकों का चयन किया गया है। इसमें राजस्थान के 27 ब्लॉक शामिल है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य व पोषण, शिक्षा, कृषि व सम्बद्ध सेवाएं, जल संसाधन, सामाजिक विकास तथा बुनियादी ढांचा के बिन्दुओं पर 39 संकेतकों के आधार पर प्रगति का आंकलन किया जाता है।



# सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना हर सरकार का मूल कर्तव्य : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना हर सरकार का मूल कर्तव्य है और हमारी सरकार इस दायित्व का पूरी प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन कर रही है। राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं बनाई गई हैं, जिन्हें प्रभावी रूप से धरातल पर उतारा जा रहा है।

गहलोत मुख्यमंत्री निवास पर अनुसूचित जाति के अधिवत्ताओं से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र तथा समानता का अधिकार, बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाए गए संविधान से संभव हो पाया है। इसी के परिणामस्वरूप आज हर क्षेत्र में सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में आमजन के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। प्रदेश में मिनिमम इनकम गारंटी एक्ट, स्वास्थ्य का अधिकार, गिग वर्कर्स एक्ट, बनाकर हर जरूरतमंद परिवार को आर्थिक एवं सामाजिक संबल देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 1 करोड़ से अधिक पात्र लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा के अन्तर्गत न्यूनतम 1000 रूपए प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। महंगाई राहत कैंपों के माध्यम से सभी वर्गों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को भी राजस्थान की तर्ज पर समान रूप से सामाजिक सुरक्षा लागू करनी चाहिए। अनिवार्य एफआईआर पंजीकरण से हर वर्ग को न्याय सुनिश्चित हो रहा है।

गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में 30 हजार विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है। छात्राओं को स्कूटियां वितरित की जा रही है। प्रदेश के 500 होनहार विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजा जा रहा है। अनुसूचित जाति-जनजाति विकास कोष की राशि 500-500 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 1000-1000 करोड़ रुपए की गई है। दलित वर्ग के उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के लिए डॉ. अम्बेडकर उद्यम प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इससे उनका सर्वांगीण विकास हो सकेगा।

इस अवसर पर सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव, पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री गोविंद सिंह डोटासरा, अतिरिक्त महाधिवक्ता डॉ. गणेश परिहार, डॉ. अम्बेडकर अधिवक्ता संस्था के अध्यक्ष महावीर जिंदल, महासचिव अशोक कुमार वर्मा, पूर्व अध्यक्ष हितेश राही, हंसराज कुमार तथा संस्था के गोपाल कृष्ण नारोलिया, मनोज उमरवाल, बाबूलाल बैरवा सहित बड़ी संख्या में अधिवत्ता उपस्थित थे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिला सशक्तिकरण के नये युग की होगी शुरुआत : दिया कुमारी

जयपुर। सांसद दिया कुमारी ने संसद के दोनों सदनों में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनन्दन करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से देश भर में महिला सशक्तिकरण के नये युग की शुरुआत होगी।

सांसद दिया कुमारी ने कहा कि संसद में महिलाओं के आरक्षण का प्रस्ताव करीब तीन दशक से लंबित था। यह मुद्दा पहली बार 1974 में महिलाओं की स्थिति का आकलन करने वाली समिति ने उठाया था। मोदी सरकार के दृढ़ संकल्प से ही यह विधेयक संसद में पारित हुआ है। सांसद दिया कुमारी ने कहा कि महिला आरक्षण एक कानून ही नहीं बल्कि देश के अमृतकाल में विकसित भारत की ओर एक मजबूत कदम है। इससे महिलाओं के आत्मसम्मान में वृद्धि के साथ ही सशक्तिकरण होगा।

## तीस राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों का होगा उन्नयन

जयपुर। राजस्थान सरकार ने विभिन्न जिलों में स्थित 30 राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों को उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उन्नयित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इन विद्यालयों के लिए 390 विभिन्न पद भी सृजित किए जाएंगे। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान में कहा गया कि राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित 30 राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों को उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उन्नयित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने इन विद्यालयों में 390 पद भी सृजित करने की मंजूरी दी है। प्रत्येक उन्नयित विद्यालय के संचालन के लिए 13-13 पदों का सृजन किया गया है।



## आईफोन-15 ने तोड़ा बिक्री का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत में बने 'आईफोन-15' को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसकी पहले दिन की बिक्री 'आईफोन-14' की तुलना में 100 प्रतिशत बढ़ गई है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह कहा। एप्पल ने पहली बार 'मेड-इन-इंडिया' आईफोन उसी दिन उपलब्ध कराया है, जिस दिन उसने देश और दुनिया के अन्य हिस्सों में यह फोन बेचना शुरू किया है।

एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, भारतीय समय अनुसार शुक्रवार शाम छह बजे तक 'आईफोन-15' शृंखला के फोन की बिक्री पहले दिन 'आईफोन-14' की तुलना में 100 प्रतिशत वृद्धि दर्ज कर चुकी है। हर जगह लंबी कतारें हैं और कार्यालय समय पूरा होने के बाद लोगों की संख्या और बढ़ गई है। एप्पल से ईमेल के माध्यम से इस संबंध में पूछा गया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला है।

कंपनी ने 'मेड-इन-इंडिया' 'आईफोन-15' और 'आईफोन-15 प्लस' की बिक्री शुरू कर दी है। ये फोन गुलाबी, पीला, हरा, नीला और काले रंग में उपलब्ध हैं। इनके 128 जीबी (गीगा बाइट), 256 जीबी और 512 जीबी वाले संस्करणों की कीमत क्रमश: 79,900 रुपए और 89,900 रुपए से शुरू है। 'आईफोन 15 प्रो' की कीमत 1,34,900 रुपए से शुरू है और यह 128 जीबी, 256 जीबी, 512 जीबी और एक टीबी मेमोरी स्टोरेज क्षमता में पेश किए गए हैं। 'आईफोन 15 प्रो मैक्स' की कीमत 1,59,900 रुपए से शुरू है और ये 256 जीबी, 512 जीबी और एक टीबी (टेरा बाइट) मेमोरी स्टोरेज क्षमता में उपलब्ध हैं। एक टीबी मेमोरी स्टोरेज क्षमता वाले 'आईफोन-15 प्रो मैक्स' मॉडल को भारत में 1.99 लाख रुपए में बेचा जा रहा है।

# जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय की 76वीं सालगिरह पर वायुसेना ने किया एयरशो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय की 76वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में भारतीय वायुसेना ने शुक्रवार को जम्मू में शानदार एयरशो का आयोजन किया। हालांकि, खराब मौसम और बारिश की वजह से एयरशो की अवधि घटाकर महज 15 मिनट कर दी गई।

एयरशो को देखने के लिए आम जनता को अनुमति दी गई थी और हजारों की संख्या में लोग वायुसेना ठिकाने पर एकत्र हुए जिनमें अधिकतर युवा थे। एयरशो के दौरान सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम (एसकेएटी), एमआई-17 हेलीकॉप्टर और



आकाशगंगा डेयरडेविल स्काई डायविंग टीम ने अपने करतब दिखाए।

जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे और वायुसेना एवं केंद्र शासित प्रदेश ने संयुक्त रूप से इसका आयोजन किया था। जम्मू के वायुसेना ठिकाने की हीरक जंयती भी एयरशो के जरिये मनायी गई। इस दौरान उड्डयन के लिए जागरूकता पैदा की गई।

एयरशो के दौरान जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के एयर ऑफिसर कमांडिंग एयर मार्शल प्रवीण केशव वोहरा, वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

उप राज्यपाल ने कार्यक्रम के बारे में 'एक्स' पर पोस्ट किया, भारतीय वायु सेना ताकत, बहादुरी और समर्पण का एक चमकता हुआ प्रतीक है। मैं भारतीय वायुसेना कर्मियों को उनकी शानदार वीरता और बलिदान की भावना के लिए सलाम करता हूं। वायु योद्धाओं और उनके परिवारों के प्रति मेरा हार्दिक अभार।

मुख्य अतिथि के आने पर 130 हेलीकॉप्टर यूनिट के तीन एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने विंग कमांडर इरफान वाहिद खान जरियाल के नेतृत्व में उन्हें सलामी दी।

## रीजीजू ने अरुणाचल को भारत का अटूट अंग बताया, खिलाड़ियों को वीजा नहीं देने पर चीन की भर्त्सना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश के वुशु खिलाड़ियों को वीजा देने से इनकार करने पर चीन की भर्त्सना की और कहा कि पूर्वोत्तर का यह राज्य विवादित क्षेत्र नहीं, बल्कि भारत का अटूट अंग है।

अरुणाचल प्रदेश के सांसद रीजीजू ने कड़े शब्दों में कहा कि राज्य के लोग अपनी भूमि और आबादी पर चीन के किसी भी अवैध दावे का दृढ़ता से विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को चीन की अवैध कार्रवाई पर रोक लगानी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं अरुणाचल प्रदेश के वुशु एथलीटों को वीजा देने से इनकार करने के चीन के इस कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं जो हांगझू में 19वें एशियाई खेलों में भाग लेने वाले थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चीन का कृत्य खेल भावना और एशियाई खेलों के संचालन को नियंत्रित करने वाले नियमों का भी उल्लंघन करता है जो स्पष्ट रूप से सदस्य देशों के प्रतिभागियों के खिलाफ भेदभाव पर पाबंदी लगाता है। मंत्री ने कहा,



अरुणाचल प्रदेश एक विवादित क्षेत्र नहीं है, बल्कि यह भारत का अटूट हिस्सा है। अरुणाचल प्रदेश के सभी लोग अपनी भूमि और आबादी पर चीन के अवैध दावे का दृढ़ता पूर्वक विरोध करते हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी को चीन की अवैध कार्रवाई पर रोक लगानी चाहिए।

रीजीजू ने कहा कि हमारे कुछ खिलाड़ियों की राह में चीन की ओर से जानबूझकर चयनात्मक तरीके से बाधा उत्पन्न करने के लिए भारत सरकार ने नई दिल्ली और बीजिंग में कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले तथा खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपना विरोध प्रदर्शित करते हुए एशियाई खेलों के लिए चीन का दौरा रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को देश के हितों की रक्षा करने के लिए 'उचित उपाय' अपनाने का अधिकार है।

## स्वस्थ पारिवारिक माहौल नशामुक्त समाज की दिशा में अहम आवश्यकता : परनायक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनायक ने शुक्रवार को जोर दिया कि स्वस्थ पारिवारिक माहौल नशामुक्त समाज की दिशा में पहली और सबसे अहम आवश्यकता है। उन्होंने यहां डेरा नाटुंग राजकीय कॉलेज में राज्यस्तरीय 'नशा मुक्त भारत-नशा मुक्त अरुणाचल अभियान' की शुरुआत की।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि अच्छी परवरिश मिलने से बच्चों को भटकने का और उन्हें बुरी लत लगाने का मौका नहीं मिलेगा। राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार नशा-विरोधी नीति, 2021 के साथ नशा मुक्त समाज को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नशे की आदत वाले लोगों की मदद के लिए समाज की समग्र भागीदारी की आवश्यकता है। परनायक ने कहा कि मादक पदार्थों की लत एक गंभीर मुद्दा है और उन्होंने ऐसे पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आह्वान किया। उन्होंने इस अवैध कारोबार में शामिल लोगों पर नज़र रखने के लिए प्रौद्योगिकी का भी उपयोग करने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने कहा, वास्तविक समय पर निगरानी के साथ, हम समाज में मादक पदार्थों के खतरे पर नजर रख सकते हैं और इसे समाप्त कर सकते हैं। इस अभियान की शुरुआत डेरा नाटुंग कॉलेज और ईटानगर स्थित राजयोग शिक्षा एवं अनुसंधान फाउंडेशन, ब्रह्मा कुमारी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के साथ हुई।

## प्रमिला मलिक बनीं ओडिशा विधानसभा की पहली महिला अध्यक्ष



**भुवनेश्वर/भाषा।** बीजू जनता दल (बीजद) की वरिष्ठ नेता प्रमिला मलिक को ओडिशा विधानसभा का शुक्रवार को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया और इसी के साथ वह इस प्रतिष्ठित पद पर बैठने वाली पहली महिला बन गईं। प्रभारी अध्यक्ष रजनीकांत सिंह ने सदन के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले बुलाए गए ओडिशा विधानसभा के विशेष सत्र में मलिक को सदन की पहली महिला अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की।

विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने अध्यक्ष पद के लिए किसी उम्मीदवार को खड़ा नहीं किया था।

सदन के नेता और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मलिक को अध्यक्ष निर्वाचित करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया जिसका संसदीय कार्य मंत्री निरंजन पुजारी ने समर्थन किया।

पटनायक, विपक्षी भाजपा के मुख्य सचेतक मोहन माझी, कांग्रेस विधायक दल के नेता नरसिंह मिश्रा और अन्य वरिष्ठ सदस्य नवनिर्वाचित अध्यक्ष को आसन तक लेकर गए।

इसके बाद मलिक ने सदन को संबोधित करते हुए सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया और कार्यवाही के सुचारू संचालन के लिए उनसे सहयोग देने का आग्रह किया। मलिक ने कहा कि वह सदन की गरिमा बरकरार रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी।

## महिला आरक्षण विधेयक तत्काल लागू किया जा सकता है, जनगणना व परिसीमन की जरूरत नहीं : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र पर जाति आधारित जनगणना से ध्यान भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि महिला आरक्षण विधेयक तत्काल लागू किया जा सकता है और इसके लिए नई जनगणना और परिसीमन की जरूरत नहीं है।

राहुल गांधी ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में इस बात पर भी अफसोस जताया कि संप्रग सरकार के रहते हुए महिला आरक्षण विधेयक में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटे का प्रावधान नहीं हो सका। साथ ही उन्होंने कहा कि अब अगर उनकी पार्टी फिर से सत्ता में आती है तो इस पर जरूर अमल किया जाएगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने मोदी सरकार से पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग)



सरकार के समय हुई जाति जनगणना के आंकड़े जारी करने का आग्रह किया और कहा कि अगर 2024 में उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो जाति जनगणना कराई जाएगी। लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने संबंधी (एक सौ अट्ठाईसवां संविधान संशोधन) विधेयक, 2023 को राज्यसभा ने बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही इस विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गई। लोकसभा ने बुधवार को इसे पारित किया था। राहुल गांधी ने कहा, यह कहा गया है कि महिला आरक्षण देने से पहले हमें जनगणना करनी पड़ेगी और परिसीमन भी करना होगा।

## अयोध्या में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया महिला आरक्षी पर हमले का मुख्य आरोपी

**अयोध्या (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने अयोध्या में एक ट्रेन में महिला आरक्षी (कांस्टेबल) पर हमले के कथित मुख्य आरोपी को शुक्रवार को एक मुठभेड़ में मार गिराया जबकि दो अन्य आरोपी घायल हो गए। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, सरयू एक्सप्रेस में महिला आरक्षी पर हमले की घटना का मुख्य आरोपी अनीश खान आज अयोध्या के पूरा कलंदर में पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल हो गया और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बाद में उसने दम तोड़ दिया। वह हैदरगंज थाना क्षेत्र के दशलावन का रहने वाला था। कुमार ने कहा, उसके दो अन्य साथी आजाद और विशंभर दयाल दुबे भी घायल हो गए तथा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आजाद दसलावन का ही रहने वाला है जबकि दुबे सुल्तानपुर जिले के कूरेभार का रहने वाला है।

## लालू यादव ने भाजपा सांसदों के अमर्यादित व्यवहार के लिए मोदी पर दोष मढ़ा



**पटना/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्ट सामाजिक और राजनीतिक संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसदों के व्यवहार से प्रकट होता है। लालू ने साथ ही आरोप लगाया कि यह इनका 'अमृतकाल' नहीं बल्कि 'विषकाल' है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की कैबिनेट के सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी किया। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर लिखा, प्रधानमंत्री ने देश की समृद्ध संसदीय परंपराओं के विरुद्ध ऐसी विकृत सामाजिक राजनीतिक संस्कृति को जन्म दिया है जिसमें इनकी एक सांसद राष्ट्रपिता (महात्मा) गांधी जी के हत्यारे आतंकवादी का महिमा मंडन करती है।

उनका इशारा स्पष्ट तौर पर भोपाल की सांसद प्रज्ञा ठाकुर की ओर था जिन्होंने नाथूराम गोड्से को एक देशभक्त कहा था और बाद में भारी आलोचना के कारण उन्होंने अपना बयान वापस ले लिया था। प्रसाद ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री के इशारे पर एक भाजपा सांसद संसद के अंदर विपक्ष के एक सांसद के लिए जिस अमर्यादित, असंसदीय और तुच्छ भाषा का प्रयोग कर रहे हैं वह घोर आपत्तिजनक, निंदनीय एवं लोकतंत्र व समाज के लिए चिंताजनक है। यह इनका अमृतकाल नहीं बल्कि विषकाल है। प्रसाद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन के अहम सदस्य हैं।



## बंगाल के बस संचालकों ने 15 वर्ष की समयसीमा को बढ़ाने की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के बस मालिकों के एक संघ ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि 15 वर्ष की समयसीमा के चलते 2024 के बाद राज्य में ज्यादातर बसों का चलना बंद हो जाएगा। उन्होंने शुक्रवार को परिवहन विभाग से यह अवधि दो साल बढ़ाने की मांग की। ज्वाइंट कॉँसिल ऑफ बस सिंडिकेट ने कहा कि बस मालिक अपने पुराने वाहनों को नई पर्यावरण-अनुकूल बसों से बदलने की स्थिति में नहीं हैं।

**ज्वाइंट कांसिल ऑफ बस सिंडिकेट ने कहा कि बस मालिक नहीं हैं अपने पुराने वाहनों को नई पर्यावरण-अनुकूल बसों से बदलने की स्थिति में**

संगठन के सचिव तपन बनर्जी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने सरकार से बस मालिकों को इंजन बदलने के लिए मौका देने का अनुरोध किया है। साथ ही दो साल तक अवधि बढ़ाने का भी आग्रह किया है क्योंकि कोविड महामारी के दौरान दो साल तक बसें बंद रहीं। संगठन के सूत्रों का कहना है कि वर्तमान में शहर में 32 हजार बस और मिनीबस चल रही हैं, जो कोविड- पूर्व अवधि की तुलना में 40 फीसदी कम हैं।

परिवहन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार, वाणिज्यिक वाहनों के लिए जारी की गई 15 वर्ष की समयसीमा पर समझौता नहीं किया जा सकता है और सरकार इस पर कुछ नहीं कर सकती। हालांकि, हम उनकी विभिन्न मांगों पर चर्चा के लिए तैयार हैं।

## महिला आरक्षण विधेयक से भारत की आधी आबादी का होगा सशक्तीकरण : शर्मा

**नोएडा/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता महेश शर्मा ने संसद में महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए शुक्रवार को कहा कि जब देश की आधी आबादी नीतिगत निर्णयों में योगदान करने लगेगी और सशक्त महसूस करेगी तब देश की प्रगति की रफ्तार दोगुनी हो जाएगा। उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्ध नगर से लोकसभा सदस्य शर्मा ने 'काफी समय से लंबित' इस कार्य को 'पूरा' करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ भी की।

लोकसभा और विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने से जुड़े नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद से मंजूरी मिल गई। बुधवार को यह विधेयक लोकसभा में और बृहस्पतिवार को राज्यसभा में पारित हो गया। अब उसे विधानसभाओं से पारित किए जाने की जरूरत होगी।

यह 128 वां संविधान संशोधन विधेयक, जनगणना के आधार पर संसदीय सीटों और विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन पूरा हो जाने के बाद लागू होगा। सरकार ने कहा है कि अगले साल जनगणना शुरू होगी। शर्मा ने दिल्ली में संवाददाताओं से कहा, यह विधेयक ऐतिहासिक रूप से मील का पत्थर बनने जा रहा है। जब देश की आधी आबादी नीतिगत निर्णयों में योगदान करेगी और सशक्त महसूस करेगी तब देश दोगुनी रफ्तार से प्रगति करेगा।

## बिधूड़ी का बयान अत्यंत निंदनीय, फौरन निलंबित किया जाए : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद दानिश अली के खिलाफ भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी द्वारा की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को बिधूड़ी को सदन की सदस्यता से निलंबित करने की मांग की। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि बिधूड़ी की टिप्पणी के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में जो खेद जताया था, वो भी 'आंख में धूल झोंकने' जैसा है।

उन्होंने कहा, बिधूड़ी ने जो कहा है, वो अत्यंत निंदीय है। यह न केवल दानिश अली का अपमान है, सभी सांसदों और देश का अपमान हैं। रक्षा मंत्री ने माफी मांगने की कोशिश की, लेकिन वह अपर्याप्त है। लोकसभा अध्यक्ष ने बिधूड़ी को चेतावनी दी, वो भी अपर्याप्त है। रमेश ने कहा, बिधूड़ी को फौरन निलंबित किया जाए। बिधूड़ी को माफी मांगनी चाहिए। बाद में उन्होंने भाजपा नेताओं रविशंकर प्रसाद और हर्षवर्धन की तस्वीर 'एक्स' पर पोस्ट की और कहा कि यह दिखाता है कि भाजपा किस हद तक गिर चुकी है। इस तस्वीर में दिख रहा है कि लोकसभा में बिधूड़ी के पीछे बैठे प्रसाद और हर्षवर्धन हंस रहे हैं। रमेश ने कहा, कल लोकसभा में जब रमेश बिधूड़ी अपशब्द बोल रहे थे और अपनी ज़बान से ज़हर उगल रहे थे, तब दो पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और डॉ. हर्षवर्धन अपने सहयोगी की आपत्तिजनक बातों पर बेशर्मी से हंस रहे थे।

## प्रयागराज के झूंसी में मारुति यार्ड में आग लगने से 16 कारें क्षतिग्रस्त

**प्रयागराज/भाषा।** जिले के गंगापार झूंसी थाना अंतर्गत अंदावा मोड़ पर स्थित मारुति कार के एक यार्ड में शुक्रवार की सुबह आग लगने से करीब 16 कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। अग्निशमन अधिकारी (एफएसओ) राजेश कुमार चौरसिया ने बताया कि आज सुबह 9:45 बजे झूंसी के अंदावा मोड़ के पास ब्राइट फोर व्हीलर सेल्स कंपनी के यार्ड में आग लगने की सूचना मिली। यार्ड में 130 वाहन खड़े थे जिसमें से करीब 16 वाहन आग की चपेट में आए। उन्होंने बताया कि इस घटना में चार से पांच वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए, जबकि बाकी वाहन आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए। दमकल की गाड़ियों की मदद से करीब दो घंटे में आग पर काबू पा लिया और इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

# विश्व कप विजेता को पुरस्कार में मिलेंगे 40 लाख डॉलर, उपविजेता को 20 लाख डॉलर: आईसीसी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई/भाषा।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को कहा कि आगामी एकदिवसीय विश्व कप के विजेता को 40 लाख डॉलर (लगभग 33.17 करोड़ रुपए) का जबकि उपविजेता को 20 लाख डॉलर (लगभग 16.58 करोड़ रुपए) का पुरस्कार मिलेगा। आईसीसी ने अगले महीने से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में खेले जाने वाले सभी 48 मैच के लिए पुरस्कार राशि और प्रोत्साहन राशि की घोषणा की।

सेमीफाइनल में हार का सामना करने वाली दोनों टीमों को एक समान आठ लाख डॉलर (लगभग 6.63 करोड़ रुपए) मिलेंगे। नॉकआउट चरण में पहुंचने में नाकाम रहने वाली टीमों एक लाख डॉलर (लगभग 82 लाख रुपए) मिलेंगे। ग्रुप चरण के मैचों के विजेता को 40,000 डॉलर (लगभग 33.17 लाख रुपए) का पुरस्कार मिलेगा। आईसीसी इस टूर्नामेंट के दौरान एक करोड़ डॉलर (लगभग 82.93 करोड़ रुपए) विजेता टीमों के पुरस्कार पर खर्च करेगा। क्रिकेट की शीर्ष संस्था ने टूर्नामेंट को खिलाड़ियों और प्रशंसकों दोनों के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी और मनोरंजक बनाने के लिए यह निर्णय लिया है। विश्व कप भारत में पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसमें 45 लीग मैच और तीन नॉकआउट मैच होंगे। यह पुरुष वनडे विश्व कप का 13वां चरण होगा और 10 टीमें (भारत, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और नीदरलैंड) टूर्नामेंट में भाग लेंगी।

### आईसीसी ने 2024 टी20 विश्व कप के वेस्टइंडीज के सात स्थानों का चयन किया

**दुबई/भाषा।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा कि अगले साल चार से 30 जून तक होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप की मेजबानी वेस्टइंडीज के सात स्थल करेंगे जबकि अमेरिका के तीन शहर इसके सह-मेजबान होंगे। आईसीसी ने वेस्टइंडीज के एंटीगुआ एवं बारबुडा, बारबाडोस, डोमिनिका, गुयाना, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस एवं त्रिनिदाद और टोबैगो हैं। अमेरिका का डलास, फ्लोरिडा और न्यूयॉर्क इस टूर्नामेंट की सह-मेजबानी करेंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, हमें उन सात कैरेबियाई स्थानों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जो अब तक के सबसे बड़े आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप की मेजबानी करेंगे। इस प्रतियोगिता में 20 टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। ये सभी स्थल खिलाड़ियों और प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय हैं। यह वेस्टइंडीज की मेजबानी में आईसीसी का तीसरा सीनियर पुरुष टूर्नामेंट होगा। यह क्रिकेट प्रशंसकों को अनूठा मौका प्रदान करेगा। मैं क्रिकेट वेस्टइंडीज और सात मेजबान सरकारों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

## राष्ट्रीय मूकबधिर क्रिकेट चैंपियनशिप 25 सितंबर से भुवनेश्वर में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** भारतीय मूकबधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) की राष्ट्रीय मूकबधिर टी20 क्रिकेट चैंपियनशिप 25 सितंबर से यहां शुरू होगी।

आईडीसीए की विज्ञप्ति के अनुसार सात दिन तक चलने वाली इस टूर्नामेंट में कुल 19 टीम भाग लेंगी।

टीमों को चार अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है तथा फाइनल से पहले कुल 42 मैच खेले जाएंगे। ओडिशा मूकबधिर क्रिकेट संघ की मेजबानी में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट के मैच चार अलग-अलग स्थान में खेले जाएंगे।

फाइनल मैच अक्टूबर को भुवनेश्वर स्थित ईस्ट कोस्ट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा।

राष्ट्रीय मूकबधिर टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता टीम को एक लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी, जबकि उपविजेता टीम को 50 हजार रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी।

## सुविचार

सिर्फ खड़े होकर पानी देखने से आप ! नदी पार नहीं कर सकतें।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# नई संभावनाएं तलाशें

मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में न्यायाधीशों, महापौर, पुलिस व प्रशासन से जुड़े अधिकारियों ने विश्व कार-मुक्त दिवस (22 सितंबर) को 'छोटे वाहनों' और लोक परिवहन के साधनों का उपयोग कर अनुकरणीय पहल की है। इससे पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को बल मिलेगा। आज जिस तरह धरती का तापमान बढ़ रहा है, जलवायु परिवर्तन ने विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा दी है, कई देशों में समुद्र के तटीय इलाकों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है, फसलों के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, उसके मद्देनजर यह बहुत जरूरी है। आमतौर पर यह समझा जाता है कि साइकिल, स्कूटर और लोक परिवहन तो साधारण लोगों के लिए हैं, न्यायपालिका और प्रशासन से जुड़े लोग उनका उपयोग नहीं करते। इंदौर के इन पर्यावरणप्रेमियों ने इस धारणा को बदलने की कोशिश की है। विभिन्न क्षेत्रों के अन्य लोगों को भी ऐसा करना चाहिए। बेशक सड़कों पर कारों की तादाद का बढ़ना यह बताता है कि देश में समृद्धि बढ़ रही है, आर्थिक विकास हो रहा है। पिछले कुछ दशकों में जिस तरह यह तादाद बढ़ी है, उससे कई समस्याएं पैदा हुई हैं। न केवल भारत में, बल्कि यूरोप, अमेरिका समेत दुनिया के कई इलाकों में ऐसा हुआ है। तेल की खपत से कार्बन उत्सर्जन, पर्यावरण प्रदूषण की समस्या बढ़ी है। दुर्घटनाएं भी बढ़ी हैं। यातायात का संचालन बड़ी चुनौती बन गया है। कई शहरों में तो यह हालत है कि लोगों का काफी समय घर और दफ्तर के बीच बीत जाता है। वे परिवार को समय नहीं दे पाते हैं। ऐसे में किसी दिन तो हमें गंभीरता से विचार करना होगा और धरातल पर काम करना होगा।

बेशक साल में एक दिन कार का सफर न करने से पर्यावरण को कोई खास फर्क नहीं पड़ता, लेकिन इससे अच्छे बदलाव की एक शुरुआत जरूर होती है। यही बदलाव बाद में बड़े स्तर पर दिखाई दे सकता है। धीरे-धीरे कोशिश करते हुए एक महीने और फिर एक पखवाड़े में ऐसा किया जा सकता है। उसके बाद हफ्ते में कोई एक दिन इसके लिए निर्धारित कर सकते हैं। यह कोई नामुमकिन काम नहीं है। अगर देशवासी इच्छाशक्ति दिखाएं और अपनी ओर से पहल करने लगें तो दुनिया के लिए मिसाल कायम कर सकते हैं। हाल में सियाम के वार्षिक सम्मेलन में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी बढ़ते प्रदूषण स्तर को स्वास्थ्य के लिए चिंता का गंभीर विषय बताकर एथनॉल जैसे पर्यावरण-अनुकूल वैकल्पिक ईंधन और हरित हाइड्रोजन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एथनॉल, फ्लेक्स फ्यूल, सीएनजी, बायो-सीएनजी, हाइब्रिड इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन जैसी कई वैकल्पिक प्रौद्योगिकियों की पैरवी कर कार्बन उत्सर्जन कम करने तथा तेल आयात पर भारत की निर्भरता घटाने के लिए ठोस प्रयास जारी रखने पर जोर दे चुके हैं। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के प्रयासों में साइकिल महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, लेकिन आज यह काफी हद तक उपेक्षित है। शहरों में साइकिल सवारों के अनुकूल सड़कें मुश्किल से मिलती हैं। तेज रफ्तार से दौड़ते वाहनों के बीच साइकिल सवार को दुर्घटना की आशंका रहती है। अगर सरकारें साइकिल के उपयोग को प्रोत्साहित करें, इस पर सब्सिडी दें, सुरक्षित रास्ता दें और प्रसिद्ध लोग इसका उपयोग करें तो इससे दशकभर में क्रांतिकारी बदलाव आ सकते हैं। यूरोप में साइकिल पर नए-नए प्रयोग हो रहे हैं। कई कंपनियां तो कारनुमा ऐसे वाहनों को प्रोत्साहित कर रही हैं, जो मूलत: साइकिल के सिद्धांत पर चलते हैं। उनमें आधा-एक दर्जन लोग बैठ सकते हैं। वे अपनी-अपनी सीटों के सामने लगे पेडल चलाते जाते हैं। उनमें से कोई एक व्यक्ति मुख्य सीट संभालता है। इस तरह वे 'सामूहिक प्रयासों' से अपने गंतव्य तक पहुंच जाते हैं। न किसी ईंधन की खपत, न कोई शोरगुल, नाम मात्र का रखरखाव और सेहत को भरपूर फायदा! आज धरती मां जिस तरह बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण से पीड़ित है, उसको देखते हुए ऐसे प्रयोगों में नई संभावनाएं तलाशनी होंगी।

## सामयिक

# भारत-पश्चिमी एशिया-यूरोप के मध्य नया आर्थिक गलियारा करेगा भारतीय संस्कृति का विस्तार

प्रहलाद सबनानी
मोबाइल : 9987949940

आज विश्व के कई देश विभिन्न प्रकार की राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। जबकि भारत न केवल आर्थिक बल्कि राजनैतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में भी तुलनात्मक रूप से बहुत मजबूत स्थिति में दिखाई दे रहा है, इसलिए विश्व के कई देश आज अपनी विभिन्न प्रकार की समस्याओं के हल के लिए भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहे हैं। किसी भी देश के लिए अपने नागरिकों का अन्य देशों के नागरिकों से सीधा सम्पर्क स्थापित करने के लिए यातायात के साधनों का विकसित अवस्था में होना बहुत जरूरी है। इससे व्यापार के साथ साथ एक दूसरे देश की संस्कृति को समझने एवं अपनाने का मौका मिलता है। हालांकि, आज हवाई यातायात के साधन तो पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं परंतु यह एक बहुत खर्चीला साधन है इसलिए इसका उपयोग साधारण नागरिक के लिए बहुत मुश्किल है। इस दृष्टि से हाल ही में भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे की घोषणा से इस रूट पर पड़ने वाले समस्त देशों के बीच व्यापार के साथ साथ इन देशों के आम नागरिकों के बीच आपसी सम्पर्क बढ़ने की सम्भावना भी बढ़ गई है। उक्त आर्थिक गलियारे की घोषणा भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय संघ ने जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान की है। इससे एशिया, अरब की खाड़ी और यूरोप के बीच बढ़ी हुई कनेक्टिविटी और आर्थिक एकीकरण के माध्यम से आर्थिक विकास को प्रोत्साहन के साथ ही इन देशों के नागरिकों के बीच आपसी सम्बंध प्रगाढ़ होने की सम्भावना भी व्यक्त की जा रही है। उक्त गलियारा भारत से संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जॉर्डन और इजराइल के माध्यम से यूरोप तक विस्तारित होगा। उक्त घोषणा के अंतर्गत दो अलग-अलग गलियारे शामिल होंगे। एक, पूर्वी गलियारा जो भारत को पश्चिम एशिया से जोड़ेगा और दूसरा, उत्तरी गलियारा जो पश्चिम एशिया को यूरोप से जोड़ेगा। इसमें एक रेल लाइन शामिल होगी जिसका निर्माण पूर्ण होने पर यह दक्षिण पूर्व एशिया से भारत होते हुए पश्चिम एशिया तक माल एवं सेवाओं के परिवहन को बढ़ावा देने वाले मौजूदा मल्टी-मॉडल परिवहन मार्ग के पूरक के तौर पर एक विश्वसनीय एवं किफायती सीमा-पार जहाज-से-रेल पारगमन नेटवर्क प्रदान करेगी।

दरअसल चीन ने वर्ष 2016 में वन बेल्ट वन रोड परियोजना (बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) प्रारम्भ की थी। इस परियोजना में एशिया, यूरोप एवं अफ्रीका के बीच भूमि और समुद्र के माध्यम से कनेक्टिविटी बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इस परियोजना से आज लगभग समस्त सदस्य देश परेशान है क्योंकि चीन ने इसके जरिये कई देशों को कर्ज के जाल में फंसा दिया है तथा साथ ही वह अपनी विस्तारवाद की नीति को भी इस योजना के माध्यम से आगे बढ़ा रहा है। इसलिए इटली द्वारा इस परियोजना से बाहर निकलने पर विचार किया जा रहा है जिससे चीन को बड़ा झटका लगा है। चीन के खास दोस्त पाकिस्तान में भी चीनी नागरिकों पर हाल ही में हुए हमलों के चलते इस परियोजना के कार्य में बाधा खड़ी हुई है। भारत द्वारा अन्य देशों के सहयोग से प्रारम्भ किए जा रहे आर्थिक गलियारे से चीन द्वारा विभिन्न देशों के सहयोग से प्रारम्भ की गई बीआरआई परियोजना को बहुत अधिक झटका लग सकता है।

भारतीय सनातन संस्कृति तो प्राचीन काल में पूरे विश्व में फैली हुई थी। अमेरिका, लातिनी अमेरिका, मेक्सिको, जर्मनी जिसे यूरोप का आर्यावर्त कहा जाता है। मिस्र से लेकर दक्षिण अफ्रीका तक, कंपूचिया, लाओस, चीन, जापान आदि देशों में स्थान स्थान पर ऐसे अवशेष एवं साक्ष्य विद्यमान है जो बताते हैं कि आदिकाल में वहां भारतीय सनातन संस्कृति का ही साम्राज्य था। यह विस्तार मात्र सांस्कृतिक एवं धार्मिक ही नहीं था अपितु, इन राष्ट्रों की अर्थव्यवस्था, शासन संचालन व्यवस्था, कला, उद्योग, इत्यादि में भारतीय सनातन संस्कृति का योदगान स्पष्ट दिखाई देता रहा है। मारिशस, आस्ट्रेलिया, फीजी व प्रशांत महासागर के अन्य छोटे छोटे द्वीप, रूस, कोरिया मंगोलिया, इंडोनेशिया, आदि में आज भी कई विस्तृत साक्ष्य मिलते हैं जिससे हमें भारतीय संस्कृति के विश्व संस्कृति होने की एक झलक मिलती है।

उस खंडकाल में विश्व निर्माण अभियान पर निकले हुए भारतीय व्यवसाय, शिक्षा, चिकित्सा, सुशासन आदि अनेक उपलब्धियों से सुदूर देशों को लाभान्वित करते थे। वैश्विक स्तर पर जन मानस की भलाई के लिए हमारे पूर्वज उत्साह और साहस के साथ अपनी यात्रा आरंभ करते थे। उन दिनों की जाने वाली यात्राओं के लिए नौकायन और दुर्गम पैदल थल यात्रा ही मात्र साधन थे। इन परिस्थितियों में अधिक सरल उपाय जलयात्रा का ही रह जाता था। विश्व परिवार के साथ सम्पर्क बनाने के लिए प्राचीन काल में भारत ने अपने जलयान के साधनों को अधिकाधिक विकसित किया था। जल मार्गों की जानकारी प्राप्त कर, नौकायन विज्ञान को विकसित करने के लिए घोर प्रयत्न किया गया था। न केवल भारतीय समुद्र तटों पर अच्छे बंदरगाह विकसित किए गए थे बल्कि अन्य देशों में भी सुविधाजनक बंदरगाह बनाए गए थे। इस प्रकार प्राचीन काल में भी भारत से पश्चिमी एशिया के देशों से होते हुए यूरोप एवं अमेरिका तक जलमार्ग विकसित किए गए थे।

केरल, चोल और पांड्य नामक दक्षिण भारत के राज्यों का व्यापार ग्रीस, रोम और चीन के साथ होता था। चंद्रगुप्त मौर्य की जलसेना बहुत विकसित और विस्तृत थी। इसका विवरण चाणक्य कृत - अर्थशास्त्र में दिया गया है। प्रसिद्ध यात्री मेगस्थनीज ने भी अपनी यात्रा विवरण में भारत की समुन्नत जल शक्ति का उल्लेख किया है। इसी प्रकार प्राचीन भारत और प्राचीन अमेरिका में घनिष्ठ सम्बंध था। व्यापारी और धर्म उपदेशक लम्बी जल यात्राएं करके आते जाते थे। इंद्र, गणेश, अग्नि, शिव, एवं अन्य देवी देवता भारत की तरह वहां भी पूजे जाते थे। इतिहासकार बताते हैं कि उस समय अमेरिका एक प्रकार से भारतवर्ष का एक सांस्कृतिक उपनिवेश था।

भारत-पश्चिमी एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा भारत और रोमन साम्राज्य के बीच एक प्राचीन व्यापार मार्ग होने का संकेत भी देता है। ऐसे साक्ष्य मिलते हैं कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे का अस्तित्व आम युग की शुरुआती शताब्दियों में चरम पर था। सिल्क रूट के नाम से भी एक गलियारा उपलब्ध था। इसी संदर्भ में लेखक विलियम डेलरिम्पल की पुस्तक 'द गोल्डन रोड' इस विषय पर विस्तार से प्रकाश डालती है। विलियम डेलरिम्पल ने बताया कि प्राचीन लाल सागर व्यापार मार्ग, चीन से भूमिगत मार्ग की तुलना में बहुत बड़ा और ऐतिहासिक रूप से अधिक महत्वपूर्ण रहा है। अब उक्त नया गलियारा उक्त वर्णित पुराने गलियारों से भी अधिक उच्चस्तरीय होगा।

इस प्रकार, नया आर्थिक गलियारा कहीं अपने इतिहास को दोहराने तो नहीं जा रहा है कि आगे आने वाले समय में इसके माध्यम से भारत एक बार पुनः पूरे विश्व में एक महान आर्थिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक शक्ति बनकर उभरे। हालांकि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस गलियारे के सम्बंध में कहा है कि मजबूत कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचा मानवता के लिए बुनियादी आधार है तथा भारत ने हमेशा इस पर जोर दिया है। भारत एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए एक मजबूत नींव रखने जा रहा है। पीजीआईआई (वैश्विक बुनियादी ढांचे और निवेश के लिए साझेदारी) के माध्यम से, भारत ग्लोबल साउथ' देशों में बुनियादी ढांचे के अंतर को भरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत कनेक्टिविटी को क्षेत्रीय सीमाओं तक सीमित नहीं करता है। भारत का विश्वास है कि कनेक्टिविटी आपसी विश्वास को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। ऽग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के विकासशील देशों के लिए किया जाता है। भारत के प्रधानमंत्री ने इन समस्त देशों की संप्रभुता और अखंडता का सम्मान करने पर जोर दिया है। भारत का स्पष्ट मत है कि कर्ज के बोझ के बजाय वित्तीय व्यवहार्यता को बढ़ावा देने के साथ-साथ सभी पर्यावरणीय दिशानिर्देशों का पालन करने पर भी जोर दिया जाना चाहिए।

## अध्यात्म

# उत्तम सत्य धर्म : वाणी का सदुपयोग करें

डॉ सुनील जैन 'संचय'

सत्यधर्म सर्वधर्मों में प्रधान है, सत्य पृथ्वी तल पर सबसे श्रेष्ठ विधान है। सत्य, संसार समुद्र को पार करने के लिए पुल के समान है और यह सब जीवों के मन को सुख देने वाला है। इस सत्य से ही मनुष्य जन्म शोभित होता है, सत्य से ही पुण्यकर्म बँधता है, सत्य से ही सम्पूर्ण गुणों का समूह महानता को प्राप्त हो जाता है और सत्य से ही देवगण सेवा करते हैं। 'सत्स प्रशस्तेषु जनेषु साधुवचनं सत्यमित्युच्यते।' सत अर्थात प्रशस्तजनों में अच्छे वचन बोलना सत्य है। सत अर्थात समीचीन और प्रशस्त वचन सत्य कहलाते हैं। ये वचन अमृत से भरे हुए हैं। मिथ्या अपलाप करने वाले और धर्मशून्य वचन सदा छोड़ो। गर्हित, निदित, हिंसा, चुगली, अप्रिय, कठोर, गाली-गलौज, क्रोध, बैर आदि के वचन, सावद्य के वचन और आगम विरुद्ध वचन इन सबको छोड़ो।

नीतिकारों ने कहा है कि सत्य गले का आभूषण है, सत्य से वाणी पवित्र होती है। सत्य बोलो और धर्म का आचरण करो। क्रोध, लोभ, भय और हँसी-मजाक आदि के कारण ही झूठ बोला जाता है। जहाँ न झूठ बोला जाता है, न ही झूठा व्यवहार किया जाता है वही लोकहित का साधक सत्यधर्म होता है। अप्रिय, कटुक, कठोर, शब्द नहीं बोलें। साबुन से वस्त्र स्वच्छ होता है। वैसे ही वाणी सत्य से निर्मल होती है। सत्य पर सारे तप निर्भर करते हैं। जिन्होंने सत्य का पालन किया, वे इस संसार से पार हो गए, मुक्त हो गए। सत्य ही संसार में श्रेष्ठ है।

हित-मित-प्रिय बोलें : सत्य बोलो और धर्म का आचरण करो। क्रोध, लोभ, भय और हँसी-मजाक आदि के कारण ही झूठ बोला जाता है। जहाँ न झूठ बोला जाता है, न ही झूठा व्यवहार किया जाता है वही लोकहित का साधक सत्यधर्म होता है। हमें कठोर, कर्कश, मर्मभेदी वचनों का प्रयोग नहीं करना चाहिए । जब भी बोलें हित- मित- प्रिय वचनों का प्रयोग अपने व्यवहार में लाना चाहिए तथा कहा भी गया है- ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय, औरन को शीतल करे, आपहुँ शीतल होय।। कठोर वचन सत्य की श्रेणी में नहीं आते।

सत्यवादी की जग में सदा ही विजय होती है। इसीलिए कहा है सत्यमेव जयते। जैन दर्शन में सत्य का अर्थ मात्र ज्यों का त्यों बोलने का नाम सत्य नहीं है , बल्कि हित-मित-प्रिय वचन बोलने से है। हितकारी वचन यानि जिसमें जीव मात्र की भलाई हो, कहने का अभिप्राय ये है कि जिन वचनों से यदि किसी जीव का अहित होता हो तो वे वचन सत्य होते हुये भी असत्य ही है।

मित यानि मीठा बोलो अर्थात कड़वे वचन, तीखे वचन, व्यंग्य परक वचन, परनिंदा, पीड़ाकारक वचन सत्य होते हुये भी असत्य ही माने गये हैं। प्रिय वचन यानि जो सुनने में भी अच्छे लगे, ऐसे वचन ही सत्य वचन हैं।

## मुद्दा

# भारत और कनाडा के राजनयिक संबंधों में गहरी दरार

संजीव ठाकुर
मोबाइल : 9009 415 415

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का भारत सरकार पर आरोप लगाकर वैश्विक राजनीति में एक भूचाल ला दिया है। इस बयान के साथ उन्होंने अपने दिमागी दिवालियापन का सबूत भी दे दिया है और यह साबित कर दिया है कि भारत जैसे देश से अपने संबंध खराब कर वे अभी भी अपरिपक्व राजनीतिज्ञ हैं। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर 17 साल से अवैध रूप से कनाडा में रह रहे थे और भारत द्वारा उसे आतंकवादी घोषित करते ही कनाडा ने उसे नागरिकता प्रदान कर दी थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत पर उसकी हत्या का आरोप लगाकर यह कयास लगाया था कि उसे अमेरिका ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया तथा नाटो देश का समर्थन मिलेगा जिससे वह आतंकवादियों को शरण देने की जवाब देही से बच सकेंगे पर वॉशिंगटन पोस्ट की खबरों के अनुसार फाइव एलायंस यानी अमेरिका, ब्रिटेन,ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड ने उसके इस आरोप से किनारा कर लिया और कोई समर्थन नहीं दिया है। अब कनाडा के प्रधानमंत्री वैश्विक राजनीति में अलग-अलग पड़ गए हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री के सत्ताधारी गठबंधन में भी दरारें पड़ गई हैं लिबरल पार्टी के कई सांसदों ने भारत से संबंध बनाए रखना पक्ष में बयान दिए हैं। उनके ही मंत्री हरजीत सज्जन ने बयान देकर कहा है की कनाडा को भारत से रिश्ते तल्ख कर बनाने की जरूरत नहीं और कनाडा की प्रथम हिंदू कैबिनेट मंत्री अनीता आनंद ने भी प्रधानमंत्री को अत्यंत विवेक से कम लेने की सलाह दी है। यह बात अत्यंत महत्वपूर्ण है की कनाडा नाटो देश का सदस्य भी है पर नाटो देश ने भी उससे इस मामले में किनारा कर लिया है। कनाडा विगत कई सालों से खालिस्तानी आतंकवादियों को समर्थन देकर पाकिस्तान की राह में निकल पड़ा है। खालिस्तानी आतंकवादियों को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई सीधा समर्थन देकर उन्हें फंडिंग कर रही है इस तरह कनाडा पाकिस्तान



और खालिस्तान आतंकवादियों का एक त्रिगुट बन गया है जो वह भारत विरोधी हरकतों को कनाडा तथा भारत में अंजाम देने में लगा हुआ है। कनाडा में वर्तमान में 9आतंकवादी संगठन एसे हैं जो सक्रिय रूप से भारत को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं और भारतीय दूतावास तथा अधिकारियों को सीधे तौर पर धमक भी रहे हैं। इन संगठनों का सीधा संबंध खालिस्तान आतंकवाद, ड्रग तथा मानव तस्करी जैसे अपराधों से जुड़ी हुई है। भारत सरकार के विदेश प्रवक्ता ने दावा किया है की कनाडा सरकार की यह हरकत संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर का खुला विरोध है, संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर के सातवें अध्याय में शामिल वैश्विक आतंकवाद के रोकथाम के लिए बनाए गए सुरक्षा परिषद के संकल्प 1373 के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति को शरण देने से पहले यह तय करना होता है की शरण लेने वाला व्यक्ति आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त तो नहीं है और कनाडा सरकार ने हरदीप सिंह निज्जर आतंकवादी घोषित करने के पश्चात नागरिकता देकर संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर का खुला उल्लंघन भी किया है। भारत सरकार के अनुसार कनाडा में अभी भी 10 खालिस्तानी खूंखार आतंकवादी निवास कर रहे हैं जो कनाडा में मौजूद रहकर भारत में अपराधिक आतंकवादी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं।

उधर घरेलू मोर्चे में भी कनाडा के प्रधानमंत्री संसद में घिरे हुए हैं उनकी मुख्य विपक्षी विरोधी पार्टी कंजरवेटिव पार्टी के नेता पियरे पालियेव ने कहा प्रधानमंत्री ने जो भारत पर आरोप लगाए हैं उसका कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया है। प्रधानमंत्री को जनता के सामने ठोस सबूत रखना चाहिए । भारत सरकार ने कनाडा के प्रधानमंत्री के आरोपों का जोरदार जवाब देकर कनाडा वीजा पर अस्थाई रूप से रोक लगा दी है और उनके राजदूत को भारत से वापस भेज दिया है। कनाडा में भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध की धज्जियां उड़ा कर रख दी है, कनाडा जहां अंतरराष्ट्रीय नियमों की दुहाई देते हुए खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप की हत्या का आरोप लगाकर अपनी जिम्मेदारी से बचना चाह रहा है वही खुद लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय नियमों और द्विपक्षी समझौता का उल्लंघन करता आ रहा है। भारत सरकार ने बीते 5 सालों में कनाडा को खालिस्तानी आतंकवादियों के प्रत्यर्पण के लिए 26 अनुरोध भेजें लेकिन कनाडा सरकार ने स्पष्ट रूप से झटक दिया था।

भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी 43 दुर्दांत आतंकवादियों की सूची जारी की है जो कनाडा में गुप्त रूप से रह रहे हैं कनाडा ने इस नोटिस का जवाब तक नहीं दिया है। बहुत महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि कनाडा की कार्लटन यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों की ज्ञाता स्टेफनी कार्विन कहती है कि पूरे यूरोप और अमेरिका के हिसाब से ड्रैगन चीन से शक्ति संतुलन में भारत देश अत्यंत अपरिहार्य है। इसमें कनाडा का कोई महत्व नहीं रह गया है और यही वजह है कि कनाडा की तरफ से भारत के खिलाफ गंभीर आरोप लगाने के बाद भी अमेरिका तथा यूरोपीय देश की प्रतिक्रिया बहुत सधी हुई है, और किसी भी देश ने भारत के खिलाफ कोई बयान देने में किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं दिखाई है। भारत में आयोजित विगत दिनों जी-20 सम्मेलन से भारत के संबंध दुनिया के देशों से बेहतर से बेहतरीन हो गए और कनाडा इस मामले में अकेला रह गया है। अब यह तो तय है कि जब तक कनाडा के प्रधानमंत्री खालिस्तान आतंकवादियों को भारत को प्रत्यपित नहीं करता है तब तक भारत के राजनीतिक संबंध कनाडा से सुधार नहीं सकते हैं। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की संयुक्त राष्ट्र संघ में बैठक में सभी प्रारूपों के आतंकवाद की खुलकर निंदा की और जी20 पर भारत की अध्यक्षता की सराहना भी की तथा जी20 के स्थाई सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ का स्वागत किया ब्रिक्स के सदस्यों के विदेश मंत्रियों ने आतंकवाद आतंक के लिए अनुकूल उग्रवाद और कट्टरपन से पैदा खतरे तथा इससे सभी रूपों में मुकाबला करने की प्रतिबद्धता जताई है। भारत को विश्व के अधिकांश देशों का समर्थन प्राप्त है और कनाडा के प्रधानमंत्री अपना बयान देकर अत्यंत आसहज हो गए हैं भारत द्वारा उनके आरोपों के सबूत मांगने पर कनाडा सरकार ने चुप्पी साथ ली है। कनाडा की सरकार अल्पमत की सरकार और डेमोक्रेटिक फ्रंट वाली पार्टी का समर्थन प्राप्त है और यही कारण है की कनाडा के प्रधानमंत्री अल्पमत होने के कारण इस तरह की बयान बाजी कर रहे हैं जो भारत कनाडा के संबंधों के लिए शुभ संकेत नहीं है।

## ट्वीटर टॉक



मैं आज देश की हर माता को, बहन को, बेटी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कल और परसो हम सबने एक नया इतिहास बनते देखा है और हम सबका सौभाग्य है कि ये इतिहास बनाने का अवसर कोटि-कोटि जनों ने हमें दिया है।

-नरेन्द्र मोदी



कभी-कभी किसी निर्णय में देश के भाग्य को बदलने की क्षमता होती है। संसद के दोनों सदनों द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' रिकॉर्ड मतों से पारित किया जा चुका है। जिस बात का देश को पिछले कई दशकों से इंतजार था, वो सपना अब सच हुआ है।

-गजेन्द्र सिंह शेखावत



कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन एवं राहुल गांधी जी का कल 23 सितंबर को जयपुर में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवीन भवन का शिलान्यास और कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह है।

-गोविंद सिंह डोटासरा

## प्रेरक प्रसंग

# जिंदगी की नाव

एक आदमी ने एक पेंटर को बुलाया अपने घर, और अपनी नाव दिखाकर कहा कि इसको पेंट कर दो ! उस पेंटर ने पेंट लेकर उस नाव को लाल रंग से पेंट कर दिया जैसा कि नाव का मालिक चाहता था। फिर पेंटर ने अपने पैसे लिए और चला गया । अगले दिन, पेंटर के घर पर वह नाव का मालिक पहुँच गया, और उसने एक बहुत बड़ी धनराशी का चेक दिया उस पेंटर को । पेंटर भौंचक्का हो गया, और पूछा ये किस बात के इतने पैसे हैं ? मेरे पैसे तो आपने कल ही दे दिया था । मालिक ने कहा ये पेंट का पैसा नहीं है, बल्कि ये उस नाव में जो छेद था, उसको रिपेयर करने का पैसा है , पेंटर ने कहा अरे साहब, वो तो एक छोटा सा छेद था, सो मैंने बंद कर दिया था। उस छोटे से छेद के लिए इतना पैसा मुझे, ठीक नहीं लग रहा है । मालिक ने कहा दोस्त, तुम्हें पूरी बात पता नहीं !अच्छा में विस्तार से समझाता हूँ। जब मैंने तुम्हें पेंट के लिए कहा तो जल्दबाजी में तुम्हें ये बताना भूल गया कि नाव में एक छेद है उसको रिपेयर कर देना और जब पेंट सूख गया, तो मेरे दोनों बच्चे उस नाव को समुद्र में लेकर नौकायन के लिए निकल गए ।

## महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# सूडान में युद्ध देश की सीमाओं से आगे भी फैल सकता है: जनरल बुरहान

अबुजा। सूडान के सेना प्रमुख जनरल अब्दुल फतह बुरहान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा से कहा कि यदि सूडान में युद्ध नहीं रोका गया तो यह पूर्वोत्तर अफ्रीकी देश की सीमाओं से आगे भी फैल सकता है।

जनरल बुरहान ने विश्व नेताओं से प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल को आतंकवादी समूह घोषित करने का आग्रह किया। उन्होंने बृहस्पतिवार देर रात विश्व नेताओं को बताया, इस युद्ध की प्रकृति अब क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा है। ...यह युद्ध की चिंगारी की तरह है, एक ऐसा युद्ध जो क्षेत्र के अन्य देशों तक फैल जाएगा।

सूडान में गत अप्रैल में तब संघर्ष शुरू हो गया था जब जनरल बुरहान के नेतृत्व वाली सेना और मोहम्मद हमदान डागालो के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच लंबे समय से जारी तनाव बढ़ गया। दोनों 2021 में तख्तापलट करके सत्ता पर काबिज होने के लिए सेना में शामिल हुए थे, जिसने सूडान की लोकतंत्र समर्थक ताकतों को किनारे कर दिया था।

पिछले सप्ताह अपने इस्तीफे की घोषणा करने वाले देश में संयुक्त राष्ट्र के दूत वोल्कर पर्थेस के अनुसार, संघर्ष में कम से कम 5,000 लोग मारे गए हैं और 12,000 अन्य घायल हुए हैं।

जनरल बुरहान ने कहा कि सूडानी सेना ने इस युद्ध को रोकने के लिए सभी दरवाजे खटखटाए हैं और संयुक्त राष्ट्र से आरएसएफ को एक आतंकवादी समूह घोषित करने का आग्रह किया।

बुरहान ने कहा, जिन लोगों ने हत्या, आगजनी, बलात्कार, जबरन विस्थापन, लूटपाट, चोरी, यातना, हथियारों एवं नशीली दवाओं की तस्करी, भाड़े के सैनिकों को लाने या बच्चों को भर्ती करने का समर्थन किया है – ऐसे सभी अपराधों के लिए जवाबदेही और सजा की आवश्यकता है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल द्वारा सूडानी सेना और आरएसएफ दोनों पर व्यापक युद्ध अपराधों का आरोप लगाया गया है, जिसमें नागरिकों की जानबूझकर हत्याएं और सामूहिक यौन हमले शामिल हैं।

# देश में आक्रामकता, नफरत, धमकी के लिए कोई स्थान नहीं : कनाडा सरकार

**टोरंटो/भाषा**

कनाडा सरकार ने कनाडाई हिंदुओं को देश छोड़ने की धमकी देने वाले एक ऑनलाइन वीडियो को शुक्रवार को आपत्तिजनक और घृणा से भरा हुआ करार दिया और साथ ही कहा कि देश में आक्रामकता, नफरत, धमकी या भय पैदा करने वाले कृत्यों के लिए कोई स्थान नहीं है।

खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया में हत्या की घटना में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता को लेकर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के विस्फोटक आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ने के बीच यह वीडियो सामने आया है। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। भारत ने बेहद सख्ती से इन आरोपों को बेतुका और बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया था और इस मामले में कनाडा द्वारा एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित किए जाने के बदले उसने भी कनाडा के एक वरिष्ठ राजनयिक को निष्कासित कर दिया था।

सार्वजनिक सुरक्षा, आपात प्रबंधन, राष्ट्रीय सुरक्षा और आपातकालीन तैयारियों के लिए जिम्मेदार 'सार्वजनिक सुरक्षा कनाडा' ने कहा कि वीडियो का प्रसारित होना आपत्तिजनक और नफरत फैलाने वाला है तथा यह सभी कनाडाई लोगों और हमारे मूल्यों का अपमान है।

विभाग ने कहा, आक्रामकता, नफरत, धमकी या डर का माहौल पैदा करने वाले कृत्यों के लिए इस देश में कोई जगह नहीं है और यह सिर्फ हमें बांटने के लिए किया गया है। हम सभी कनाडा वासियों से एक दूसरे का सम्मान करने और कानून के नियमों का पालन करने का अनुरोध करते हैं। कनाडा वासियों को अपने समुदायों में सुरक्षित महसूस करने का हक है।

प्रधानमंत्री ट्रूडो की पार्टी से भारतीय-कनाडाई सांसद चंद्रा आर्या ने इससे पूर्व आतंकवाद के महिमामंडन और कनाडा में अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर देश में हिंदुओं को निशाना बनाए जाने वाले घृणा अपराध को लेकर निराशा जाहिर की थी।

लिबरल पार्टी ऑफ कनाडा के सदस्य आर्या ने कहा, कुछ दिन पहले कनाडा में खालिस्तान आंदोलन के नेता और 'सिख्स फॉर जस्टिस' के अध्यक्ष गुरपतवंत सिंह पन्नून ने कनाडाई हिंदुओं पर हमला किया था और उन्हें कनाडा छोड़कर भारत वापस चले जाने को कहा था। पन्नून की 'सिख्स फॉर जस्टिस' ने कथित जनमत संग्रह आयोजित किया था। भारतीय-कनाडाई सांसद ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैंने कई कनाडाई हिंदुओं से सुना है, जो निशाना बनाकर किए गए इस हमले के बाद डरे हुए हैं। मैं कनाडा के हिंदुओं से अनुरोध करता हूं कि वे शांत लेकिन सतर्क रहें। कृपया 'हिंदूफोबिया' (हिन्दू पन्थ तथा हिन्दुओं के विरुद्ध नकारात्मक दृष्टिकोण) की किसी भी घटना के बारे में स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को रिपोर्ट करें। उन्होंने कहा कि खालिस्तान आंदोलन के नेता कनाडाई हिंदुओं को प्रतिक्रिया के लिए उकसा रहे हैं और कनाडा में हिंदू तथा सिख समुदायों को बांट रहे हैं। कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री डोमिनिक लेब्लांक ने कहा कि सभी कनाडा वासियों को अपने समुदायों में सुरक्षित महसूस करने का हक है। उन्होंने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किया, सभी कनाडावासियों को अपने समुदायों में सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है। कनाडाई हिंदुओं को निशाना बनाने वाले एक ऑनलाइन नफरत भरे वीडियो का प्रसार उन मूल्यों के विपरीत है जिनका हम कनाडावासी पालन करते हैं।

# सिंगापुर का राष्ट्रीय ध्वज लपेटकर हंगामा करने वाले भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल

सिंगापुर/भाषा। सिंगापुर में इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रीय ध्वज लपेटकर एक कॉफी शॉप में हंगामा करने के लिए भारतीय मूल के 36 वर्षीय व्यक्ति को दो सप्ताह की जेल की सजा सुनाई गई है। मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है।

'द स्ट्रेट टाइम्स' की खबर के अनुसार रॉय रवि जगनाथन को सार्वजनिक रूप से हंगामा करने के लिए बृहस्पतिवार को दूसरी बार दोषी करार दिया गया। इससे पहले इस साल जुलाई में भी उसने ऐसा ही अपराध किया था, उस मामले में उसे पांच दिन जेल में रहने की सजा सुनाई गई थी।

सरकारी अभियोजन अधिकारी टिंग एनगे कॉंग ने जगनाथन के हालिया अपराध के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पांच सितंबर को रवि हरे रंग की टी-शर्ट पहने और कंधों पर सिंगापुर का राष्ट्रध्वज डालकर एक कॉफी शॉप में दाखिल हुआ और एक व्यक्ति पर चिल्लाने लगा। टिंग ने कहा कि वह एक मेज से दूसरी मेज पर जाकर जोर-जोर से चिल्लाता रहा और कहता रहा कि वह भगवान है।

टिंग ने कहा कि इस दौरान वह अजीब हरकतें करता रहा और तंग आकर एक व्यक्ति ने पुलिस को इसकी सूचना दी।

**जश्न**



नई दिल्ली में भाजपा महिला मोर्चा ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में महिला आरक्षण विधेयक 2023 के पारित होने का जश्न मनाते हुए।

# 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' में विक्की कौशल का जिगरी दोस्त

नई दिल्ली/भाषा। यशराज फिल्म्स की 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' फिल्म से पदार्पण करने वाले आशुतोष उज्ज्वल उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले से ताल्लुक रखते हैं, ऐसे में वह मजाक में कहते हैं कि राहुल गांधी और स्मृति ईरानी के बाद वह इस जिले के अगले प्रसिद्ध व्यक्ति बन सकते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी तीन बार अमेठी से लोकसभा सदस्य रहे, लेकिन साल 2019 के चुनाव में उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता स्मृति ईरानी के हाथों हार का सामना करना पड़ा, जो फिलहाल केंद्रीय मंत्री हैं।अमेठी से राहुल को हार का सामना करना पड़ा था। इससे पहले राहुल गांधी अति विशिष्ट व्यक्ति (वीआईपी) हुआ करते थे और अब स्मृति ईरानी हैं। वहां से ताल्लुक रखने वाला तीसरा वीआईपी शायद मैं बनूंगा। आशुतोष के लिए द ग्रेट इंडियन फैमिली के साथ फिल्मों में मौका मिलना संघर्षों से भरा नहीं रहा, फिर भी उनके लिए यह यात्रा सपनों की तरह थी।

उन्होंने अभिनेता विक्की कौशल के करीबी दोस्त की भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, इस फिल्म में अभिनय करना एक सपना था जिसके बारे में मैंने कभी नहीं सोचा था। मेरे पास संघर्ष की कोई कहानी नहीं है... कि मैं फुटपाथ पर सोया या दोस्तों ने मुंबई में मेरे संघर्ष में मेरी मदद की... मेरे साथ ऐसा कुछ नहीं हुआ क्योंकि मुझे यहां आने से पहले ही नौकरी मिल गई थी।

**बातचीत**



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शुक्रवार को जम्मू वायु सेना स्टेशन में एयर शो के दौरान भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण टीम के साथ बातचीत करते हुए।

# डॉन-3 पर बोले फरहान, कहानी पर हम एक-दूसरे के विचारों से सहमत नहीं थे

**मुंबई/एजेन्सी**




फरहान अख्तर ने हाल ही में फिल्म 'डॉन 3' की अनाउंसमेंट की है। फिल्म में रणवीर सिंह, शाहरुख खान को रिप्लेस करते नजर आएंगे। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में इस रिप्लेसमेंट पर बात करते हुए फरहान ने कहा कि वो और शाहरुख इस फिल्म की स्टोरी पर सहमत नहीं थे। तरीळशीं को दिए एक इंटरव्यू में फरहान ने कहा कि वो डॉन-3 की कहानी को एक दिशा देना चाहते थे। हालांकि इसकी कहानी पर वो और इस सीरीज के पिछले दो पार्ट में लीड एक्टर रहे शाहरुख खान सहमत नहीं थे। यही वजह रही कि फरहान ने फिल्म से शाहरुख को हटाकर रणवीर के साथ काम करने का फैसला किया। फरहान ने कहा, 'मैं इस पोजिशन में हूं ही नहीं कि किसी को रिप्लेस कर सकूं। हम सालों से इन चीजों पर चर्चा कर रहे थे। मैं स्टोरी को जिस डायरेक्शन में ले जाना चाहता था उस पर मैं और शाहरुख सहमत नहीं थे। इसके बाद हमने आपस में बात करके अलग होने का फैसला किया। हमें लगा कि इस सीरीज के लिए यही बेहतर होगा।' फरहान ने रणवीर को बताया था बेस्ट

इस फिल्म की अनाउंसमेंट के बाद से ही रणवीर सिंह, शाहरुख खान को रिप्लेस करने को लेकर ट्रोल किए जा रहे हैं। इससे पहले एक इंटरव्यू में फरहान ने रणवीर की साइड लेते हुए उन्हें सपोर्ट किया था। उन्होंने कहा था कि रणवीर कमाल हैं और इस पार्ट के लिए बेस्ट हैं। वो भी आप लोगों की तरह ही एक्साइटेड और नर्वस है। वो इस किरदार में फिट होने की कोशिश कर रहा है जिसे अमिताभ जी और शाहरुख खान ने निभाया है। इस फिल्म की शूटिंग 2025 तक शुरू होगी।

इससे पहले फरहान अपने दो प्रोजेक्ट्स कम्पलीट करेंगे। फिल्म में रणवीर के अपोजिट कियारा आडवाणी कास्ट की जा सकती हैं। वे इसमें प्रियंका चोपड़ा को रिप्लेस करेंगी।




# फिल्म 'भारत माता की जय' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता प्रिंस सिंह राजपूत की आने वाली फिल्म भारत माता की जय का ट्रेलर रिलीज हो गया है। भारत माता की जय के ट्रेलर में दिखाया गया है कि पाकिस्तानी आतंकवादी किस तरह से हमारे देश भारत मे घुसकर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में लगे रहते हैं। उन आतंकवादियों के नापाक इरादों को भारतीय सीमा में किस प्रकार से विफल किया जाता है, यही इस फ़िल्म की कहानी है। पाकिस्तानी आतंकवादी सरदार के चरित्र में सुशील सिंह हैं, वहीं भारतीय पुलिस अधीक्षक के रूप में अमित शुक्ला हैं।बालेश्वर सिंह ने आतंकवादी के रूप में एवं ब्रजेश त्रिपाठी ने आम हिंदुस्तानी के रूप में बेहतरीन चरित्र निभाया है।

प्रिंस सिंह राजपूत ने पुलिस इंस्पेक्टर का किरदार निभाया है। प्रिंस सिंह राजपूत के अपोजिट पायस पंडित हैं।ब्राईट सन प्रस्तुत फ़िल्म भारत माता की जय के निर्माता सतीश पोद्दार एवं हर्षित मिश्रा हैं।

इस फ़िल्म के लेखक एस के चौहान हैं, वहीं निर्देशन सुजीत कुमार सिंह ने किया है। गीत प्यारे लाल यादव , विनय बिहारी, आशुतोष तिवारी ने लिखा है, संगीत मधुकर आनंद का है। गायक कैलाश खेर, प्रियंका सिंह , इंदु सोनाली, विजय चौहान एवं पवन परदेशी हैं।

# 'एनिमल' से अनिल कपूर का फर्स्ट लुक रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की आने वाली फिल्म 'एनिमल' से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर,अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में हैं।फिल्म 'एनिमल' से अनिल कपूर का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म 'एनिमल' से अनिल कपूर के फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया है।इस पोस्टर में अनिल कपूर बेहतरीन लुक में नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ तरण ने इस बात की जानकारी भी दी है कि 28 सितंबर को सुबह 10 बजे 'एनिमल' का टीजर रिलीज किया जाएगा।

पोस्टर को अनिल कपूर ने भी अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया है और लिखा है कि, 'एनिमल का बाप, बलवीर सिंह। फिल्म एनिमल 01 दिसंबर को रिलीज होगी।

फिल्म एनिमल भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी की सिने1 स्टूडियोज़ और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा निर्मित है।




# कीर्ति सुरेश ने 'कुमारी श्रीमती' का टीज़र जारी किया

**तिरुवनंतपुरम/वार्ता**



लोकप्रिय अभिनेत्री कीर्ति सुरेश ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर नित्या मेनन की आगामी कॉमेडी ड्रामा 'कुमारी श्रीमती' का बहुप्रतीक्षित टीज़र जारी किया है। दर्शकों को 'कुमारी श्रीमती' के दिलचस्प चरित्र की एक झलक देते हुए, टीज़र ने ट्रेलर लॉन्च से पहले दर्शकों के उत्साह को बढ़ा दिया है। यह सीरीज एक 30 वर्षीय महिला के जीवन की कठिनाइयों को बड़े ही मनोरंजक तरीके से दर्शाती है, जो पुरातनता से भरे एक छोटे शहर में रूढ़िवादिता को चुनौती देती है। इस फिल्म में निरुपम, गौतमी, थिरुवीर, तल्लुरी रामेश्वरी, नरेश और मुरली मोहन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। वैजन्यंती एंटरटेनमेंटस के वेब डिवीजन अर्ली मॉनसून टेल्स द्वारा निर्मित और गोमतेश उपाध्ये द्वारा निर्देशित, सात-एपिसोड की ये सीरीज दुनिया भर के देशों और क्षेत्रों में तेलुगु, हिंदी, तमिल और मलयालम में डब के साथ 28 सितंबर को स्ट्रीमिंग सर्विसेज पर प्रीमियर होगा।

# कंगना रनौत ने की खालिस्तान की आलोचना



**नई दिल्ली/एजेन्सी**

भारत और कनाडा के बीच बढ़ते राजनयिक तनाव के बीच, बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने शुक्रवार को खालिस्तानी आतंकवादी संगठन की आलोचना की और सिख समुदाय से 'अखंड भारत' के समर्थन में आगे आने का आह्वान किया। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया के स्टोरीज सेक्शन में लिखा, सिख समुदाय को खुद को खालिस्तानियों से अलग कर लेना चाहिए और ज्यादा सिखों को अखंड भारत के समर्थन में आगे आना चाहिए। सिख समुदाय मेरा बहिष्कार करता है और पंजाब में मेरी फिल्मों का हिंसक विरोध करता है क्योंकि मैंने खालिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ बात की थी।''

'मणिकर्णिका' की एक्ट्रेस ने आगे कहा, खालिस्तानी आतंकवाद सिख समुदाय को भी बुरा दिखाता है। यह पूरे समुदाय की विश्वसनीयता और उनकी धारणा को बर्बाद कर देगा। पहले भी खालिस्तानियों ने पूरे सिख समुदाय को नुकसान पहुंचाया है। मैं पूरे सिख समुदाय से अनुरोध करती हूं कि वे धर्म के नाम पर खालिस्तानी आतंकवादियों से उत्तेजित या उकसावे में न आएं। जय हिन्द।''

अपने इंस्टाग्राम स्टेटस में, 'क्वीन' अभिनेत्री ने लिखा, पंजाब का यही हाल है, जब मैंने खालिस्तानियों के खिलाफ बोला तो वे पूरे सिख समुदाय को समझाने में कामयाब रहे कि मैं पूरे समुदाय के खिलाफ हूं, आज भी मेरी फिल्में पंजाब में बैन हैं, उनको एक्साइट करके गुमराह करना सबसे आसान है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, कंगना जल्द ही 'चंद्रमुखी 2' में दिखाई देंगी, जिसमें राघव लॉरेंस भी हैं और यह रजनीकांत और ज्योतिका अभिनीत ब्लॉकबस्टर तमिल फिल्म 'चंद्रमुखी' का सीक्वल है। उनके पास पाइपलाइन में सर्वेश मेवाड़ा की 'तेजस' है जो 20 अक्टूबर को रिलीज होने की उम्मीद है। अभिनेत्री के पास 'इमरजेंसी' भी है।

# 100 करोड़ का आंकड़ा हुआ पुराना, अब 1000 करोड़ की बात करो : सलमान

**मुंबई/एजेन्सी**



सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म टाइगर-3 को लेकर खासे चर्चाओं में है। दीपावली पर प्रदर्शित होने वाली इस फिल्म का निर्माण यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स के तहत किया गया है। हाल ही में सलमान खान गिप्पी ग्रेवाल की अपकमिंग पंजाबी फिल्म 'मौजां ही मौजां' के ट्रेलर लॉन्च में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कई चीजों पर रिएक्शन देते हुए सवालों का खुलकर जवाब दिया। सलमान ने बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर भी अपनी राय रखी। सलमान ने कहा कि 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा अब काफी पुराना हो चुका है। ये काफी पीछे रह गया। अब तो पंजाबी या फिर मराठी फिल्में भी 400-600 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर रही हैं। लोग फिल्में देखने के लिए थिएटर जा रहे हैं तो जाहिर है कि ये पैंतरा लौट रहा है। ऐसे में मुझे लगता है कि 100 करोड़ रुपए कमाना कोई बड़ी बात नहीं है। मुझे लगता है कि अब फिल्मों की कमाई का बैंचमार्क 1000 करोड़ रुपए होना चाहिए। इसी दौरान जब गिप्पी ने कहा कि भाई ने जब ये कह दिया है कि हमारी फिल्म अच्छा काम करेगी तो जरूर कुछ बड़ा करेगी।

इस पर सलमान बीच में ही बोल पड़े कि अरे भाई, मेरे पर मत जाना। फिल्म पर जाना। आजकल मेरे खुद के प्रेडिक्शन मेरी फिल्मों पर नहीं जा रहे। उल्लेखनीय है कि सलमान की इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' फ्लॉप हो गई थी। दूसरी ओर, सनी देओल की 'गदर 2' और शाहरुख खान की 'जवान' भारत में ही 500 करोड़ रुपए से ज्यादा कमा चुकी हैं।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के तेरापंथ सभा ट्रस्ट राजाजीनगर द्वारा संवत्सरी महापर्व के उपलक्ष्य में सामूहिक क्षमायाचना एवं तप अभिनंदन समारोह अध्यक्ष रोशनलाल कोठारी के नेतृत्व में स्थानीय तेरापंथ भवन में आयोजित हुआ।

**सम्मान** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कस्तूरबा गांधी नेशनल मेमोरियल ट्रस्ट एवं भारतीय गौ परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट अरसीकेरे द्वारा गौ माता जागरण महोत्सव के आयोजन में भजन कलाकार ओम मुंडेल एवं सुरेश पारीक ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर दुर्गा देवी गौशाला हंपी के राजना स्वामीजी का सान्निध्य प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने लंबे समय से भारतीय गौ सेवा परिवार द्वारा किए जा रहे गौ सेवा कार्यों की सराहना की। इस मौके पर दानदाताओं व महेन्द्र मुणोत का सम्मान किया गया।

# महिला आरक्षण विधेयक पारित होना अधिक महत्वपूर्ण, संशोधन बाद में भी संभव : जावेद अख्तर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। कवि एवं गीतकार जावेद अख्तर ने कहा है कि महिला आरक्षण विधेयक को पहले पारित कराना ज्यादा जरूरी है और यदि इसमें खामियां हैं तो इसे बेहतर बनाने के लिए बाद में संशोधन किया जा सकता है।

अख्तर बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन संसद द्वारा संविधान (128वां संशोधन) विधेयक – नारी शक्ति वंदन अधिनियम – को मंजूरी देने के कुछ घंटे पहले किया गया था। इस विधेयक में महिलाओं के लिए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान है। उन्होंने कहा, लोगों को इससे दिक्कत है, वे कह रहे हैं कि इसमें इसकी कमी है, इसमें वह नहीं है। इसमें यह शामिल किया जाना चाहिए था। मैं उस चर्चा में नहीं पड़ना चाहता, मुझे इसका यकीन है कि सुधार की जरूरत है, शायद यह परिपूर्ण नहीं है। हो सकता है कि यह हर किसी की पूर्ण संतुष्टि के अनुसार ना हो, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

अख्तर ने कहा, पहले इसे पारित होने दीजिये, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह अभी भी परिपूर्ण नहीं है। यदि आपका इरादा है तो इसे पारित होने दीजिये। और एक बार जब यह पारित हो जाता है, तो अंततः आप इसे सुधारने के लिए समय के साथ संशोधन करते रह सकते हैं। उन्होंने इससे पहले विधेयक का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर इसी तरह के विचार पोस्ट किए थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं महिला आरक्षण विधेयक का तहे दिल से स्वागत करता हूं। इसमें अत्यधिक देरी हो चुकी थी। हो सकता है कि कुछ लोगों की राय में यह परिपूर्ण न हो, लेकिन समय के साथ कई कानूनों में संशोधन और सुधार किया गया है। आइए कम से कम प्रक्रिया शुरू करें।

हिंदू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2005 का उदाहरण देते हुए अख्तर ने कहा कि बेटियों को सहदायिक के रूप में शामिल करने में भी लगभग 50 साल लग गए, जिससे उन्हें बेटे के समान अधिकार मिले। उन्होंने कहा, हिंदू संहिता विधेयक 1956 में बनाया गया था, यह उस समय बहुत कमजोर था। इसको लेकर काफी हंगामा हुआ लेकिन यह पारित हो गया। समय के साथ, यह बेहतर से बेहतर होता गया...यदि आप तभी इसे कमजोर बता छोड़ देते तो हम यहां नहीं पहुंचते।

अख्तर ने कहा, ...तो आइए पहले इसे पारित कराए, फिर देखेंगे। आखिरकार यह होगा। हालांकि यदि आप इसे यहीं रोक देंगे तो कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकेगा। और यह होना ही चाहिए।

विधेयक के अनुसार, यह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद लागू होगा जो अगली जनसंख्या जनगणना के पूरा होने के बाद किया जाएगा।



# तेरापंथ सभा राजाजीनगर ने आयोजित किया सामूहिक क्षमायाचना व तप अभिनंदन समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ सभा ट्रस्ट राजाजीनगर द्वारा संवत्सरी महापर्व के उपलक्ष्य में सामूहिक क्षमायाचना एवं तप अभिनंदन समारोह अध्यक्ष रोशनलाल कोठारी के नेतृत्व में स्थानीय तेरापंथ भवन में आयोजित हुआ। रोशनलाल कोठारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी का स्वागत कर सभी से क्षमायाचना की।

बेंगलूरु ज्ञानशाला के संयोजक जुगराज श्रीश्रीमाल ने आचार्यश्री महाश्रमणजी सहित विभिन्न साधु साध्वियों के प्रति क्षमायाचना करवाई तथा उपस्थित श्रावक–श्राविकों को आपस में क्षमायाचना करवाते हुए अपने विचार व्यक्त किये। सभा उपाध्यक्ष विमल पितलिया, महिला मंडल अध्यक्षा उषा चौधरी, तेयुप अध्यक्ष कमलेश गन्ना ने अपने विचार व्यक्त करते हुए क्षमायाचना की। राजेश देरासरिया ने तेयुप द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेन्टर एवं डेंटल–श्रीरामपुरम की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विभिन्न पदाधिकारियों, एटीडीसी प्रभारी सुनील बाफना एवं अभातेयुप सीपीएस प्रभारी सतीश पोरवाड़ द्वारा 'मेगा हेल्थ पैकेज' के ब्रॉउचर का अनावरण किया गया। संचालन सभा मंत्री मदनलाल बोराणा एवं आभार सहमंत्री चंद्रेश मांडोत ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रायोजक भूरालाल प्रकाशचंद दक परिवार रहा।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में राजाजीनगर के आसपास के 32 तपस्वियों का तप अभिनंदन तथा उपासक श्रेणी, प्रेक्षाध्यान, योग, ज्ञानशाला प्रशिक्षका एवं जैन संस्कार विधि में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे सदस्यों का सम्मान किया गया। सभा के पूर्व अध्यक्ष उत्तमचंद गन्ना एवं प्रेक्षा ध्यान प्रशिक्षका रेणु कोठारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।



# आरआर नगर की तेरापंथी महिलाओं का क्षमायाचना कार्यक्रम सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ महिला मंडल आरआर नगर द्वारा आत्मालोचन का महापर्व पर्युषण पर्व को समता एवं उल्लास के साथ मनाया गया। तेरापंथ भवन में मंडल द्वारा सामूहिक क्षमायाचना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षीय एवं स्वागत वक्तव्य में सुमन पटावरी ने पर्युषण काल में पचरंगी, प्रतिक्रमण, पौषध की संयोजिकों एवं तुलसी स्वर संगम के सदस्याओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उपस्थित सभी सदस्याओं ने आपस में क्षमायाचना की। पूर्व अध्यक्ष कंचन छाजेड़ एवं सरोज बैद, शोभा बोथरा, हेमलता सुराणा, कन्या मंडल संयोजिका आर्या संचेती ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मंत्री पदमा महेर ने किया।

**जश्न**



शुक्रवार को नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में महिला आरक्षण विधेयक 2023 के पारित होने के जश्न के दौरान भाजपा सांसद भाजपा महिला मोर्चा के सदस्यों के साथ।

# नेपाल में शिक्षा विधेयक के खिलाफ हजारों शिक्षकों ने प्रदर्शन किया, देशभर में स्कूल बंद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

काठमांडू।नेपाल की संसद में शिक्षा सुधार विधेयक लाए जाने के विरोध में यहां हजारों शिक्षकों ने प्रदर्शन किया, जिसकी वजह से शुक्रवार को स्कूल बंद रहे।

शिक्षक संबंधित विधेयक के खिलाफ बुधवार से राजधानी काठमांडू में प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि उनके संगठन कानून में बदलाव को लेकर नेताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं।

शिक्षक उन प्रावधानों का विरोध कर रहे हैं, जो सरकार–संचालित स्कूलों को स्थानीय नियंत्रण में दे देंगे। शिक्षकों का कहना है कि इससे उनकी स्थिति कमतर होगी और इससे कई अस्थायी शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे।

शिक्षकों ने संसद भवन से प्रमुख मंत्रालयों तक जाने वाली मुख्य सड़क को अवरुद्ध कर दिया, जिससे राजधानी के मध्य में यातायात बाधित हो गया। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए तैनात सैकड़ों पुलिसकर्मियों ने संसद की ओर जाने वाली सड़क को कंटीले तारों वाले बैरिकेड्स से अवरुद्ध कर दिया।

शिक्षकों ने धमकी दी है कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे काठमांडू में और अधिक प्रदर्शनकारियों को ले आएंगे।

विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले एक हाईस्कूल शिक्षक बद्री ढुंगेल ने कहा, हमारी मुख्य मांग यह है कि शिक्षकों को किसी भी अन्य सरकारी पेशेवरों की तरह केंद्र सरकार के अधीन रखा जाना चाहिए, न कि स्थानीय अधिकारियों के नियंत्रण में जो कि राजनीति से नियंत्रित होते हैं। उन्होंने कहा, हमें लोक सेवकों की तरह समान वेतन, दर्जा, अन्य सुविधाएं और लाभ मिलने चाहिए।

शिक्षकों के विरोध के कारण देशभर में लाखों छात्रों वाले लगभग 29,000 'पब्लिक स्कूल' बंद रहे, जबकि 'प्राइवेट स्कूल' खुले रहे।

प्रदर्शनकारियों की दंगा नियंत्रक पुलिस के साथ बृहस्पतिवार को थोड़ी झड़प हुई थी, लेकिन किसी बड़ी हिंसा की खबर नहीं है।



# रेल पहिया कारखाना में हिंदी सप्ताह समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के रेल पहिया कारखाने(रेपका) में हिंदी के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से आयोजित हिंदी सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। सप्ताह भर में हिंदी कीविविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमें रेपका के सभी विभागों के कर्मचारियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। शुक्रवार को हिंदी सप्ताह समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। रेपका की महाप्रबंधक अर्चना जोशी समापन समारोह के मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने प्रतियोगिता में विजयी कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए याँत्रिक विभाग को महाप्रबंधक द्वारा अंतर विभागीय राजभाषा चल ट्रॉफी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी विजयकुमार बोदेल एवं अन्य विभागाध्यक्ष कार्यक्रम में उपस्थित रहे। राजभाषा अधिकारी सविता एस. ने कार्यक्रम का संचालन किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## ग़ज़ल

गगन का,,,,,,,प्यारा टूटेगा,
आज,,,,,,,सितारा टूटेगा,

अब तक था खामोश समंदर,
आज,,,,,,,किनारा टूटेगा,

आना जाना,,,,,,,राम नमस्ते,
रिश्ता,,,,,,,सारा टूटेगा,

मीठा रख या,,,,,,,खारा रिश्ता,
मीठा,,,,,,,खारा टूटेगा,

इक तरफा लिए प्यार फिरेगा,
वो,,,,,,,आवारा टूटेगा,

झगड़ चुका ,अपनों से इतना,
होकर,,,,,,,न्यारा टूटेगा,

बरछी मेरी,,,,,,,गर्दन मेरी,
सब्र का,,,,,,,पारा टूटेगा,



■ रघुबीर बंधु अग्रवाल

# मायुमं सेन्ट्रल का 'दादी सुमरण' कार्यक्रम आज

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु सेन्ट्रल द्वारा शनिवार को दोपहर 3 बजे से जयनगर स्थित अग्रसेन भवन में राणी सती दादी के भादी अमावस्या के उपलक्ष्य में 'दादी सुमरण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में रामगढ़ से श्वेता अग्रवाल, बेंगलूरु से रामसुंदर बगड़िया एवं सिद्धार्थ नापानी भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस आयोजन में दादी का विशेष श्रृंगार, छप्पन भोग की व्यवस्था की गई है।

# पियास में रविवार को 'लाफिंग एंड शेयरिंग' कार्यक्रम

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के चामराजपेट स्थित प्रजना इंस्टिट्यूट ऑफ योग एण्ड एलाइड साइन्सिज (पियास)में रविवार को सुबह 9 बजे लाफिंग एंड शेयरिंग का निःशुल्क कार्यक्रम रखा गया है। प्राकृतिक चिकित्सा में अग्रणी इस अस्पताल में इस कार्यक्रम में जीवन में डर या किसी भी प्रकार के भय को प्राकृतिक तरीके से कैसे दूर किया जाए इस बारे में विशेष जानकारी दी जाएगी। इस निःशुल्क सेवा का कोई भी लाभ ले सकता है। अस्पताल में सभी वर्ग के लिए सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 6 बजे से निःशुल्क योग का प्रशिक्षण दिया जाता है।

# एएसपी स्तर के 24 पुलिस अधिकारियों के तबादले

जयपुर। राजस्थान सरकार ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) स्तर के 24 अधिकारियों का तबादला किया है। इन सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नये पद पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। गृह विभाग ने बृहस्पतिवार देर रात इस बारे में आदेश जारी किया।

# रहमान के इवेंट्स आयोजक के खिलाफ मामले दर्ज

चेन्नई। मशहूर संगीतकार ए आर रहमान के यहां 10 सितंबर के कार्यक्रम के आयोजक 'एसीटीसी इवेंट्स' के एक पदाधिकारी और अन्य दो लोगों के खिलाफ शुक्रवार को पुलिस ने सीटों की क्षमता से अधिक टिकटों की बिक्री, भरोसा तोड़ने और लोगों की असुविधा को लेकर मामले दर्ज किये। ऑस्कर विजेता संगीतकार रहमान का 'मरक्कुमा नेंजाम' नामक संगीत कार्यक्रम (कंसर्ट) ईस्ट कोस्ट रोड पर एक निजी स्थल पर आयोजित किया गया था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, आयोजन स्थल पर अफरातफरी के बीच कई लोगों ने शिकायत की थी कि उपलब्ध सीटों से अधिक टिकट बेचे गये थे। इस पर तांबरम सिटी पुलिस ने जांच शुरू की और भारतीय दंड संहिता की धारा 406 (भरोसा तोड़ने के अपराध के लिए दंड) और 188 (सरकारी आदेश की अवज्ञा) के तहत एसीटीसी इवेंट्स के मुख्य कार्यकारी हेमंत राजा और दो अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। उन्होंने कहा कि जांच से खुलासा हुआ कि आयोजकों ने सीटों की क्षमता से अधिक टिकटों की बिक्री की थी। उन्होंने कहा कि उन लोगों के खिलाफ ठगी का भी एक मामला दर्ज किया गया है।

तांबरम सिटी पुलिस आयुक्त ए अमलराज ने कहा कि अनुमानित संख्या से करीब 15 हजार अधिक लोग कार्यक्रम स्थल पर एकत्र हो गए। उन्होंने कहा कि केवल 25 हजार कुर्सियों की व्यवस्था थी, लेकिन 35 से 40 हजार लोग एकत्र हो गये। इसके बाद रहमान ने कहा था कि उनके कार्यक्रम में लोगों को हुई असुविधा से उनका कोई लेनादेना नहीं था।

# धौलपुर में चंबल के तेज बहाव में छह बच्चे बहे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

धौलपुर। राजस्थान में धौलपुर जिले में चंबल के तेज बहाव में आज छह बच्चे बह गए जिसमें से तीन बच्चों को रेस्क्यु टीम ने बचा लिया जबकि तीन की तलाश की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश मीणा ने बताया कि मध्यप्रदेश और राजस्थान से कुछ लोग पहाड़ वाले बाबा के उर्स में शामिल होने के लिए आए थे। उर्स में शामिल होने के बाद परिवार के साथ सभी लोग चंबल नदी में नहा रहे थे। नदी के तेज बहाव में अचानक एक बच्चा बहने लगा, जिसे पकड़ने के चक्कर में 6 बच्चे पानी में बह गए्। इनमें से तीन बच्चों ने चंबल परियोजना के तहत निर्माणाधीन पुलिया से नीचे लटक रहे तार को पकड़ लिया, जिन्हें रेस्क्यू करके बाहर निकाल लिया गया है।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com